साध्य दैनिक
# नई दृष्टिबिंदु
सच की शक्ति, जनता की दृष्टि
PRGI Reg No - CTHIN/25/A3746

**सु-विचार**
*" जहाँ हमारा स्वार्थ समाप्त होता है वहीं से हमारी इंसानियत आरम्भ होती है ...!! "*
*अज्ञात...*

वर्ष-01 अंक-116 | संपादक आलोक तिवारी | दुर्ग, शनिवार 16 मई 2026 | पृष्ठ 08 | मूल्य -2 रुपए

## सेल ने बनाया उत्पादन और बिक्री का रिकॉर्ड, शुद्ध लाभ 50 .5% बढ़ा

### चौथी तिमाही में ढअळ 1,680 करोड़ रुपये, कंपनी ने 2 .35 रुपये प्रति शेयर लाभांश की सिफारिश की

*नई दृष्टिबिंदु / नईदिल्ली*



स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही और पूरे साल के वित्तीय नतीजे जारी किए। कंपनी ने उत्पादन, बिक्री और कारोबार में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। कर्ज में 8,148 करोड़ रुपये की बड़ी कमी आई है।

**वित्त वर्ष 2025-26 की मुख्य बातें : -** उत्पादन-बिक्री में रिकॉर्डः कच्चे इस्पात का उत्पादन 1.4% बढ़कर 19.43 मिलियन टन पहुंचा। बिक्री की मात्रा 11.4% बढ़कर 19.93 मिलियन टन रही। कारोबार में उछालः प्रचालन से कारोबार अब तक का सबसे अधिक 1,10,810 करोड़ रुपये रहा। मुनाफे में जोरदार बढ़तः शुद्ध लाभ 50.5% बढ़कर 3,233 करोड़ रुपये हो गया। टैक्स से पहले का मुनाफा 44% बढ़कर 4,334 करोड़ रुपये रहा। कर्ज घटाः पिछले साल के मुकाबले कर्ज में 8,148 करोड़ रुपये की कमी आई।

#### लाभांश की घोषणा

निदेशक मंडल ने 10 रुपये के शेयर पर 2.35 रुपये (23.5%) अंतिम लाभांश की सिफारिश की है।

**चौथी तिमाही के नतीजे भी मजबूत :** जनवरी-मार्च 2026 तिमाही में कंपनी का कच्चा इस्पात उत्पादन 5.08 मिलियन टन और बिक्री 5.32 मिलियन टन रही। प्रचालन से कारोबार 30,813 करोड़ रुपये रहा। एइक्ळऊअ 4,762 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 1,680 करोड़ रुपये दर्ज किया गया, जो पिछली तिमाही के 442 करोड़ से लगभग चार गुना है।

**प्रचालन दक्षता से बढ़ा मुनाफा :** कंपनी ने ब्लास्ट फर्नेस की उत्पादकता बढ़ाई और ऊर्जा का बेहतर उपयोग किया। इन्वेंट्री की निकासी और लागत में कटौती से प्रचालन दक्षता मजबूत हुई। वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव से आपूर्ति श्रृंखला में बाधा के बावजूद कंपनी ने संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल कर प्रदर्शन बरकरार रखा।

#### सीएमडी ने कहा : वैल्यू-ऐडेड स्टील पर फोकस

सेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. ए. के. पंडा ने कहा, हमारा प्रदर्शन मुख्य कामकाज की मजबूती दिखाता है। बिक्री बढ़ने के साथ इन्वेंट्री और कर्ज घटने से मुनाफा मजबूत हुआ है। आगे हमारा फोकस वैल्यू-ऐडेड और स्पेशल स्टील की हिस्सेदारी बढ़ाने पर होगा। देश में बुनियादी ढांचे के विकास से स्टील की मांग बढ़ रही है, जो हमारी विस्तार योजनाओं के लिए उत्साहजनक है।

## कल नि :शुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर

### बीपी, शुगर और ईसीजी की जांच भी नि :शुल्क होगी

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर द्वारा एनएच क्लीनिक दुर्ग में निःशुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 17 मई 2026, रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगेगा।

#### प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ देंगे परामर्श

शिविर में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. स्नेहिल गोस्वामी मरीजों को परामर्श देंगे। शिविर एनएच क्लीनिक, नलघर कॉम्प्लेक्स के सामने, PWD ऑफिस दुर्ग में आयोजित होगा।

#### इन समस्याओं पर मिलेगा परामर्श

शिविर में उच्च रक्तचाप, सीने में दर्द, सांस फूलना समेत हृदय रोग से जुड़ी अन्य कार्डियक समस्याओं पर विशेषज्ञ सलाह दी जाएगी।

**निःशुल्क जांच की सुविधा :** कैंप में ब्लड प्रेशर, शुगर और ईसीजी की जांच निःशुल्क की जाएगी। अस्पताल प्रबंधन ने आमजन से अपील की है कि समय रहते हृदय रोग संबंधी जांच एवं परामर्श के लिए इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं।

## सीएम विष्णुदेव साय का औचक निरीक्षण, हेलिकॉप्टर से पहुंचे जांजगीर के कोसला गांव



### अचानक पहुंचे मुख्यमंत्री को देख प्रशासन में हड़कंप, ग्रामीणों ने किया

*नई दृष्टिबिंदु / जांजगीर-चांपा*

सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ विकासखंड के ग्राम कोसला का औचक निरीक्षण किया। उनका हेलिकॉप्टर अचानक कोसला में उतरा तो प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया, वहीं ग्रामीणों में उत्साह और उल्लास दिखा।

मुख्यमंत्री के पहुंचने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उनका आत्मीय स्वागत किया। सीएम साय ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानी। उन्होंने विकास कार्यों, राशन वितरण, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर ग्रामीणों से फीडबैक लिया।

सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री लगातार जिलों का औचक दौरा कर रहे हैं। इससे पहले भी वे कई गांवों में बिना पूर्व सूचना के पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा ले चुके हैं। कोसला में अचानक हेलिकॉप्टर उतरने से जिला प्रशासन के अधिकारी भी तत्काल मौके पर पहुंचे। मुख्यमंत्री के इस दौरे को सरकार की जमीनी निगरानी और पारदर्शी प्रशासन की पहल से जोड़कर देखा जा रहा है।

#### सीएम साय ने कोसला धाम में माता कौशल्या के दर्शन कर की प्रदेश की खुशहाली की कामना

सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को अचानक जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ विकासखंड स्थित ग्राम कोसला पहुंचे। यहां उन्होंने प्रसिद्ध माता कौशल्या मंदिर में पूजा-अचर्ना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए प्राथर्ना की। मुख्यमंत्री के मंदिर परिसर पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मंदिर सेवा समिति और ग्रामीणों ने पारंपरिक लोकनृत्य के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस दौरान वित्त मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी भी उनके साथ मौजूद रहे। मंदिर सेवा समिति ने मुख्यमंत्री को माता कौशल्या मंदिर का आकर्षक छायाचित्र स्मृति स्वरूप भेंट किया। साथ ही समिति के सदस्यों ने कोसला धाम को केंद्र सरकार की 'प्रसाद योजना' में शामिल करने की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर का अवलोकन किया और स्थानीय श्रद्धालुओं से आत्मीय संवाद कर योजनाओं की जमीनी हकीकत जानी। सीएम के अचानक आगमन से क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम में छत्तीसगढ़ को तरजीह के संकेत, विजय शर्मा का बढ़ा कद

### नितिन नबीन की ताजपोशी के बाद कोर कमेटी में बदलाव, ओपी चौधरी, सरोज पांडेय भी दौड़ में

*आलोक तिवारी / रायपुर*











भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की ताजपोशी के बाद छत्तीसगढ़ भाजपा में बड़े बदलाव के संकेत मिलने लगे हैं। प्रदेश कोर कमेटी से सांसद बृजमोहन अग्रवाल समेत कई नेताओं की छुट्टी के बाद अब नई राष्ट्रीय कायकर्ारिणी में राज्य के युवा चेहरों को तरजीह मिलने की चर्चा तेज है। लंबे समय तक छत्तीसगढ़ प्रभारी रहे नितिन नबीन राज्य के नेताओं की कायर्शैली से वाकिफ हैं, इसलिए यहां के प्रतिनिधित्व पर सबकी नजर टिकी है।

#### विजय शर्मा बने भरोसेमंद चेहरा

सूत्रों के मुताबिक डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा राष्ट्रीय नेतृत्व के विश्वासपात्र बनकर उभरे हैं। नक्सलवाद के खिलाफ केंद्र की नीति को राज्य में जमीन पर उतारने और 31 मार्च को बस्तर के नक्सल मुक्त होने में उनकी भूमिका अहम मानी जा रही है। पश्चिम बंगाल चुनाव में भी विजय शर्मा की सक्रिय भूमिका रही। इन वजहों से उन्हें राष्ट्रीय टीम में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की अटकलें हैं।

#### रायपुर में हुई अहम बैठकें

सूत्रों ने बताया कि 12 मई को रायपुर में राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने सीएम विष्णुदेव साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के साथ गोपनीय बैठक की। इसके अगले दिन 13 मई को प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में दो अहम प्रस्ताव पारित हुए। पहला, नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष के रुख के खिलाफ निंदा प्रस्ताव और दूसरा, नक्सलवाद के खिलाफ सफलता के लिए मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के नेतृत्व की सराहना में धन्यवाद प्रस्ताव।

#### 2029 का रोडमैप तैयार

नितिन नबीन की कायर्शैली युवा और ऊर्जावान चेहरों को आगे बढ़ाने की रही है। छत्तीसगढ़ में विजय शर्मा और ओपी चौधरी इसी फॉर्मूले में फिट बैठते हैं। बस्तर से नक्सलवाद की समाप्ति को भाजपा बड़ी उपलब्धि के तौर पर पेश कर रही है। विजय शर्मा को इसका श्रेय मिलने से उनका कद बढ़ा है।

#### संगठन ने मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड खंगाला


जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कमजोर प्रदर्शन वाले मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है। पश्चिम बंगाल चुनाव में विजय शर्मा की भूमिका को राष्ट्रीय नेतृत्व ने नोट किया है। इससे उन्हें संगठन में बड़ी भूमिका मिल सकती है।

कोर कमेटी में बदलाव और रायपुर की बैठकों से साफ है कि भाजपा 2029 के लोकसभा चुनाव के लिए अभी से फ्यूचर रोडमैप पर काम कर रही है। छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय टीम में किन चेहरों को जगह मिलती है, इस पर दिल्ली से लेकर रायपुर तक निगाहें टिकी हैं।

#### इन नामों की भी चर्चा

वित्त मंत्री और पूर्व आईएएस ओपी चौधरी की प्रशासनिक दक्षता और युवाओं में लोकप्रियता को देखते हुए राष्ट्रीय टीम में जगह मिल सकती है।
सरोज पांडे, लता उसेंडी नारी शक्ति के तौर पर अनुभवी महिला नेत्रियों को भी अहम भूमिका दी जा सकती है।
बृजमोहन अग्रवाल कोर कमेटी से हटाए जाने के बावजूद राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिए उनके नाम की चर्चा है।

#### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कल से छग दौरा



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल 17 मई की शाम करीब 7 बजे गुजरात से रायपुर पहुंचेंगे। दो दिन के दौरे में वे रायपुर और बस्तर में कई अहम कार्यक्रमों में शामिल होंगे। 31 मार्च को बस्तर के नक्सल मुक्त होने की सफलता के बाद उनके इस प्रवास को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। **रायपुर में रात्रि विश्राम, समीक्षा बैठक संभव :** रायपुर पहुंचने के बाद गृहमंत्री शाह रात में ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और आला अफसरों के साथ प्रदेश सरकार के कामकाज की समीक्षा कर सकते हैं। रात्रि विश्राम रायपुर में ही करेंगे। **18 मई को डायल-112 को हरी झंडी :** 18 मई को सुबह गृहमंत्री पीटीएस माना में क्विक रिस्पांस के साथ अपग्रेड की गई डायल-112 सुविधा की शुरुआत करेंगे और नई 112 गाड़ियों को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद करीब 11 बजे सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा के साथ जगदलपुर रवाना होंगे। **बस्तर में रहेंगे आला अफसर, 19 को मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक :** मुख्य सचिव विकास शील, सीएम के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह और डीजीपी अरुणदेव गौतम भी 18 और 19 मई को बस्तर में मौजूद रहेंगे। 19 मई को जगदलपुर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक होगी, जिसमें कई राज्यों के डीजीपी शामिल होंगे। उसी दिन गृहमंत्री नई दिल्ली लौट जाएंगे।

## अरुण देव गौतम छग के पूर्णकालिक डीजीपी बने, राज्य सरकार ने जारी किया आदेश



### कार्यवाहक डीजीपी के रूप में संभाल रहे थे जिम्मा, नक्सल ऑपरेशन में अहम भूमिका

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

राज्य सरकार ने 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी अरुण देव गौतम को छत्तीसगढ़ का पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक (DGP) नियुक्त कर दिया है। गृह विभाग ने शुक्रवार देर शाम इसका आदेश जारी किया। वे अभी तक कार्यवाहक डीजीपी के रूप में पुलिस विभाग की कमान संभाल रहे थे।

#### नक्सल मोर्चे पर मिली बड़ी सफलता

अरुण देव गौतम के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सल मोर्चे पर निर्णायक बढ़त हासिल की है। 31 मार्च 2026 को बस्तर के नक्सल मुक्त होने की घोषणा में उनकी रणनीतिक भूमिका अहम मानी जा रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 17-19 मई के बस्तर दौरे के ठीक पहले उनकी पूर्णकालिक नियुक्ति को सरकार की ओर से बड़ा संदेश माना जा रहा है।

#### लंबा प्रशासनिक अनुभव

अरुण देव गौतम छत्तीसगढ़ कैडर के तेज-तर्रार अफसरों में गिने जाते हैं। वे बिलासपुर आईजी, सीआईडी चीफ, एडीजी नक्सल ऑपरेशन और डीजी होमगार्ड जैसे अहम पदों पर रह चुके हैं। नक्सल ऑपरेशन की बारीक समझ और फील्ड में काम के लिए उनकी पहचान है।

#### स्थायित्व का संदेश

पिछले कुछ समय से राज्य में पूणर्कालिक डीजीपी का पद खाली था। अरुण देव गौतम को स्थायी जिम्मेदारी देने से पुलिस महकमे में स्थायित्व का संदेश गया है। वे 19 मई को जगदलपुर में होने वाली मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में भी शामिल होंगे, जिसमें कई राज्यों के डीजीपी हिस्सा लेंगे।

सरकार के इस फैसले को नक्सल मोर्चे पर मिली सफलता और कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## बालोद में भाई ने की बहन की हत्या : शिकायत वापस लेने के घंटे भर बाद कैंची से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**बालोद।** बालोद जिले के देवरी थाना क्षेत्र के परसुली गांव में रिश्तों को शमर्सार करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक भाई ने अपनी 18 वर्षीय बहन तनीषा सोनकर की कैंची से हमला कर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में मातम और आक्रोश है। जानकारी के अनुसार, तनीषा ने घटना से कुछ घंटे पहले ही अपने भाई पोषण सोनकर के खिलाफ मारपीट की शिकायत देवरी थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस की समझाइश और पारिवारिक सहमति के बाद तनीषा ने आवेदन वापस ले लिया था। लेकिन शिकायत वापस लेने के कुछ ही घंटों बाद आरोपी भाई ने वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि तनीषा जब घर में सो रही थी, तभी आरोपी पोषण सोनकर ने उस पर धारदार कैंची से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल तनीषा को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कारर्वाई कर आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस सनसनीखेज वारदात के बाद परसुली गांव में दहशत का माहौल है।

## विधायक देवेंद्र यादव ने सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

### बास्केटबॉल चयन में गड़बड़ी की शिकायत पर निष्पक्ष जांच का भरोसा

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*



भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। खुर्सीपार और छावनी क्षेत्र से आए नागरिकों ने गर्मी में गहराते जल संकट, केमिकल युक्त पानी की सप्लाई और बिजली कटौती की शिकायत की।

#### जल-बिजली समस्या पर तुरंत कार्रवाई

विधायक ने मौके पर ही जोन-4 खुर्सीपार निगम के अधिकारियों को बुलाकर पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। बिजली आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों पर भी संबंधित विभाग से समन्वय कर कार्रवाई को कहा। कार्यक्रम में लोगों ने सड़क, सफाई और मूलभूत सुविधाओं को लेकर आवेदन भी सौंपे।

#### नियमों के उल्लंघन का आरोप

खिलाड़ियों का कहना है कि बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के नियमों के अनुसार एक संस्था से अधिकतम 4 खिलाड़ी ही चुने जा सकते हैं, फिर भी एक ही अकादमी से ज्यादा खिलाड़ी लिए गए। बाहरी खिलाड़ियों को प्राथमिकता देने, स्थानीय प्रतिभाओं की अनदेखी, चयन में पर्याप्त मौका न देने और भाई-भतीजावाद के आरोप भी लगे। खिलाड़ियों ने दावा किया कि चयन प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही सूची तैयार थी और उनके पास पुख्ता सबूत हैं।

#### बास्केटबॉल चयन पर लगे गंभीर आरोप

भेंट-मुलाकात के दौरान कुछ खिलाड़ी और खेल प्रेमी भी विधायक से मिले। उन्होंने राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चयन प्रक्रिया में पारदशिर्ता न बरतने के आरोप लगाए। खिलाड़ियों ने बताया कि एक निजी अकादमी से 8 लड़कियों और 3 लड़कों का चयन किया गया, जबकि वह अकादमी छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल संघ से मान्यता प्राप्त नहीं है।

विधायक देवेंद्र यादव ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराने और खेल प्रतिभाओं के साथ न्याय का भरोसा दिलाया।



# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में केंद्रीय विद्यालय दुर्ग का शानदार प्रदर्शन, मेधावी विद्यार्थियों ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव

## मार्गदर्शन, समर्पण और सहयोग साथ हों तो सफलता उत्कृष्टता बन जाती है : उमाशंकर मिश्र

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित अक्ररउए 2026 परीक्षा परिणाम में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय का परिणाम रायपुर रीजन की श्रेष्ठ उपलब्धियों में शामिल रहा। रायपुर रीजन का कुल परीक्षा परिणाम 98.83 प्रतिशत दर्ज किया गया, जबकि देशभर में बेंगलुरु रीजन 99.75 प्रतिशत परिणाम के साथ प्रथम स्थान पर रहा।

इस प्रकार रायपुर रीजन का परिणाम सर्वोच्च स्थान से मात्र 0.9 प्रतिशत कम रहा, जो पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उल्लेखनीय है कि देशभर में केंद्रीय विद्यालय संगठन का परीक्षा परिणाम सवोच्च स्थान पर रहा। केंद्रीय विद्यालयों ने 98.5 प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया, जबकि दूसरे स्थान पर जवाहर नवोदय विद्यालय 98.47 प्रतिशत के साथ रहा। इसके अतिरिक्त गवनर्मेंट स्कूलों का परिणाम 86.7 प्रतिशत, एटफ्र का 85.55 प्रतिशत तथा स्वतंत्र विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 84.22 प्रतिशत दर्ज किया गया। विद्यालय के तत्कालीन प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस उपलब्धि का वास्तविक श्रेय शिक्षकों की निरंतर मेहनत, विद्यार्थियों के अनुशासित प्रयास तथा अभिभावकों के सहयोग को जाता है।

उन्होंने कहा कि विद्यालय को उपायुक्त पीबी एस. उषा, सहायक आयुक्त रवींद्र कुमार एवं विवेक चौहान का निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अधिकारियों के अनुभव, शिक्षकों की प्रभावी रणनीति तथा विद्यार्थियों की मेहनत के समन्वय से विद्यालय उत्कृष्ट परिणाम देने में सफल रहा। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय परिवार ने सामूहिक भावना के साथ कार्य करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्राथमिकता दी, जिसका सकारात्मक परिणाम आज सभी के सामने है। विद्यालय की इस उल्लेखनीय सफलता में हाल ही में सेवानिवृत्त प्राचार्य उमा शंकर मिश्रा, उप प्राचार्या श्रीमती पुष्पा बरा के दूरदर्शी नेतृत्व, शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के अटूट सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में रोशनी सिंह ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मानविकी संकाय में विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। विज्ञान संकाय में प्रांजल कुरेल ने 92.2 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय में देवयानी वासिंग ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त आरिफ खान ने 92.8 प्रतिशत, कुमारी सलानी भुआर्या ने 91 प्रतिशत, अवनि दीक्षित ने 90.8 प्रतिशत, स्नेष्ठा साहा ने 90.2 प्रतिशत तथा अथर्वा साहू ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग ने इस सामूहिक उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।

**खास खबर**

## आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर के जन्मोत्सव पर भजन संध्या और गुमनाम नायकों का हुआ सम्मान



*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

आध्यात्मिक गुरु एवं आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर का बुधवार को जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शाम को भजन संध्या हुई। आर्ट ऑफ लिविंग के अभिनव पहल के तहत अनसंग हीरोज का सम्मान किया गया। दुर्ग के होटल वाणी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन थे। उनके हाथों समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले गुमनाम नायक सम्मानित हुए। इस अवसर पर श्री बेलचंदन ने कहा कि श्रीश्री के एक विश्व एक परिवार, वसुधैव कुटुम्बकम से समाज को मजबूती मिल रही है।

गुमनाम हीरो को पहचान देने संस्था द्वारा नई पहल की गई है। उन्होंने अयोध्या विवाद को सुलझाने में गुरुजी की भूमिका को याद किया। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम में आना उनके लिए सौभाग्य की बात है। गुरु के 70वें अवतरण दिवस पर सुबह साधकों ने विश्व प्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया की। उसके पश्चात इंदिरा मार्केट में शरबत वितरण किया गया। शाम को गुरु पूजा से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। दुर्ग में यह अवार्ड व्यवसाय के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ब्लड डोनर फाउंडेशन के संस्थापक राज आढ़तिया, युवा नेतृत्व के लिए समीक्षा पोद्दार तथा खेल के क्षेत्र में आर्म रेसलर हर्ष खोडियार को सम्मानित किया गया।

### सत्संग में भजनों पर झूमे

गुरुजी का जन्मोत्सव होने के कारण अधिकांश भजन गुरु को समर्पित रहे। प्रशिक्षकों ने गुरु ओम-गुरु ओम नमो नमः, अजो अनंताय, नित्याय शुद्धाय, गुरु मात-पिता, गुरु बंधु सखा, मधुबन की लताओं में, विट्ठल माझा के साथ ही गणेश वंदना और शिव भजन गाये। कार्यक्रम में अपेक्स सदस्य नरेंद्र राठी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वरिष्ठ प्रशिक्षक हरजीत सहोता ने दुर्ग भिलाई में आर्ट ऑफ लिविंग की शुरुआत पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि आज दुनिया के 180 देशों में संस्था काम कर रही है। शरीर से मन के स्तर तक स्वस्थ रहने के कोर्स लोगों को सिखाए जा रहें हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एसटीसी अमन बेलचंदन ने आभार व्यक्त किया। संचालन डीटीसी दीनानाथ चंद्राकर ने किया।

## जब पेट्रोल डीजल का पर्याप्त स्टॉक है तो लोगों को मिल क्यों नहीं रहा है - डॉ. प्रतीक उमरे

**दुर्ग।** नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ. प्रतीक उमरे ने दुर्ग जिले में लगातार बनी हुई पेट्रोल-डीजल की समस्या को लेकर दुर्ग जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर प्रशासन पर्याप्त स्टॉक और सामान्य सप्लाई का दावा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर आम जनता घंटों पेट्रोल पंपों पर लाइन में खड़ी रहने को मजबूर है। यह स्थिति प्रशासनिक दावों और जमीनी हकीकत के बीच बड़े अंतर को दर्शाती है। डॉ. प्रतीक उमरे ने कहा कि यदि वास्तव में जिले में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तो फिर आम लोगों को समय पर ईंधन क्यों नहीं मिल पा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन केवल बयानबाजी और आश्वासन देने में लगा हुआ है,जबकि वास्तविक स्थिति को जनता से छिपाया जा रहा है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के कई पेट्रोल पंपों पर या तो सप्लाई सीमित कर दी गई है या फिर लोगों को घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक परेशानी मध्यम वर्ग,किसानों,मजदूरों,छोटे व्यापारियों और रोजाना वाहन चलाकर रोजगार करने वाले लोगों को हो रही है। पेट्रोल-डीजल की कमी के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। विद्यार्थी, नौकरीपेशा लोग और व्यापारिक गतिविधियां भी इस अव्यवस्था से प्रभावित हैं। डॉ. प्रतीक उमरे ने प्रशासन से मांग की कि पेट्रोल और डीजल के वास्तविक स्टॉक की सार्वजनिक जानकारी जारी की जाए तथा यह बताया जाए कि किस पेट्रोल पंप को कितनी मात्रा में ईंधन उपलब्ध कराया गया है।

# वार्ड क्रमांक-38 के महावीर कॉलोनी में जलभराव से मिलेगी राहत, 72 लाख रुपए से बनेगी नाली

## महापौर अलका बाघमार की पहल पर शासन से राशि स्वीकृत, टेंडर प्रक्रिया पूरी

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*




नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 38 स्थित महावीर कॉलोनी में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या जल्द दूर होगी। महापौर अलका बाघमार के प्रयास से नाली निर्माण के लिए राज्य शासन ने लगभग 72 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर दी है। टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द काम शुरू होगा।

### बरसात में होती थी परेशानी

महावीर कॉलोनी में बरसात के दौरान गंभीर जलभराव हो जाता था। निकासी की व्यवस्था न होने से स्थानीय लोगों को आवाजाही में दिक्कत होती थी। क्षेत्रीय पार्षद रामचंद्र सेन और कॉलोनीवासियों ने समस्या उठाई थी। शिकायत पर महापौर अलका बाघमार ने शेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर सहित नागरिकों के साथ स्थल निरीक्षण किया था।

### निरीक्षण के बाद बना प्रस्ताव

समस्या की गंभीरता देखते हुए महापौर ने अधिकारियों को नाली निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए थे। लगातार प्रयास के बाद शासन से राशि स्वीकृत हुई है। नाली बनने से महावीर कॉलोनी समेत आसपास के क्षेत्रों में जलनिकासी बेहतर होगी।

### नागरिकों ने जताया आभार

राशि स्वीकृत होने पर पार्षद रामचंद्र सेन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी महापौर कक्ष पहुंचे और आभार जताया। नागरिकों ने कहा कि लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान की दिशा में यह बड़ा कदम है।

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के हर वार्ड में मूलभूत सुविधाएं देना प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वीकृत कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरे किए जाएं ताकि लोगों को जल्द राहत मिले।

## स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी: वैशालीनगर जोन में नालों की सफाई युद्ध स्तर पर

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को देखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक-02 वैशालीनगर क्षेत्र में नाला सफाई अभियान तेज कर दिया गया है। निगम की टीमें प्रमुख नालों और जल निकासी मार्गों की नियमित सफाई में जुटी हैं ताकि जलभराव की समस्या रोकी जा सके और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिले।

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर सफाई कर्मियों की टीमें लगातार मैदान में उतरकर नालों से गंदगी और कचरा हटा रही हैं। अभियान का मकसद स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना और बारिश से पहले नालों को साफ रखना है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। नालों में कचरा न फेंकें ताकि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।



## ओलंपियन राजेंद्र प्रसाद करेंगे कॉमनवेल्थ एशियन गेम्स के लिए बॉक्सिंग टीम का चयन



### भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने चयन समिति में किया नामित, पटियाला में 10 से 15 मई तक होगी चयन प्रक्रिया

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

छत्तीसगढ़ के एकमात्र ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने उन्हें कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय महिला और पुरुष मुक्केबाजी टीम के चयन एवं मूल्यांकन समिति का सदस्य नामित किया है।

### पटियाला में होगा खिलाड़ियों का चयन

महासंघ के निर्देश पर 10 से 15 मई 2026 तक एनएसएनआईएस, पटियाला में चयन प्रक्रिया आयोजित होगी। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार चयन समिति में अर्जुन पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी का होना अनिवार्य है। इसी आधार पर राजेंद्र प्रसाद को समिति में शामिल किया गया है।

### छत्तीसगढ़ के लिए यह गौरव का क्षण

कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स 2026 के लिए होने वाली यह चयन प्रक्रिया बेहद अहम है। यहीं से भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली अंतिम टीम चुनी जाएगी। राजेंद्र प्रसाद का इस प्रतिष्ठित समिति में चयन बीएसपी के साथ पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है।

### खेल प्रतिभाओं को दे रहे मार्गदर्शन

राजेंद्र प्रसाद ने अपने खेल करियर में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां हासिल की हैं। वतर्मान में वे एचआर-क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग में उप महाप्रबंधक हैं। वे खेल प्रतिभाओं के मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन और खेल संगठनों ने राजेंद्र प्रसाद को शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने भरोसा जताया कि उनके अनुभव और विशेषज्ञता से भारतीय मुक्केबाजी को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

# अंजोरा वेटरनरी कॉलेज में जनमित्र योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम

## साइबर फ्रॉड, नशा मुक्ति और यातायात नियमों की दी गई जानकारी

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

वेटरनरी कॉलेज अंजोरा में गुरुवार को जनमित्र योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुर्ग पुलिस, यातायात पुलिस और साइबर टीम ने विद्यार्थियों और नागरिकों को साइबर अपराध, नशा मुक्ति, यातायात नियमों और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

### पुलिस ने साइबर फ्रॉड से बचाव के बताए तरीके

कार्यक्रम में पुलिस टीम ने ऑनलाइन फ्रॉड की पहचान, साइबर अपराधों से बचाव और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार की



विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या मैसेज पर तुरंत प्रतिक्रिया न दें और सतर्क रहें।

### नशे से दूर रहने की अपील

ऑपरेशन विश्वास और नशा मुक्ति अभियान के तहत युवाओं को मादक पदार्थों



के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। पुलिस ने युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया।

### यातायात नियमों की जानकारी

यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग पर जोर दिया। मोटरयान अधिनियम की धारा 130 और 133 के प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया गया। महिला सुरक्षा, हेल्पलाइन सेवाओं और कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी साझा की गई।

### पुलिस की अपील

कार्यक्रम में अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी, दुर्ग पुलिस, यातायात पुलिस और साइबर टीम मौजूद रही। दुर्ग पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि साइबर अपराध, नशा और यातायात नियम उल्लंघन से दूर रहें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# सुशासन तिहार : ग्राम मर्रा में सड़क सुरक्षा की शपथ यातायात पुलिस ने चलाया जन जागरूकता अभियान



*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग-पाटन*

**पाटन में जिला पंचायत सीईओ ने दिलाई शपथ, हेलमेट-सीट बेल्ट को बताया जरूरी**

सुशासन तिहार के तहत ग्राम मर्रा पाटन में यातायात पुलिस दुर्ग ने सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों, युवाओं और वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई।

### हेलमेट-सीट बेल्ट पर जोर

14 मई को आयोजित कार्यक्रम में यातायात पुलिस ने नागरिकों को समझाया कि सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए हर व्यक्ति का जागरूक होना जरूरी है। दोपहिया चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने की अपील की गई। मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए या शराब पीकर वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया गया।

### सड़क संकेतों की दी जानकारी

युवाओं और वाहन चालकों को सड़क संकेतों, ट्रैफिक सिग्नलों और सुरक्षित वाहन संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए लोगों से खुद नियम मानने और दूसरों को भी जागरूक करने कहा गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। यातायात पुलिस दुर्ग के अधिकारी-कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

दुर्ग पुलिस ने कहा कि सड़क सुरक्षा सिर्फ पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, हर नागरिक का दायित्व है। नियम मानकर हम खुद, परिवार और दूसरों का जीवन सुरक्षित बना सकते हैं। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे।

# सिंटर प्लांट-3 ने रचा इतिहास, 100 मिलियन टन सिंटर उत्पादन का कीर्तिमान

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 ने स्थापना से अब तक 100 मिलियन टन ग्रॉस सिंटर उत्पादन का ऐतिहासिक कीतिर्मान बनाया है। इस उपलब्धि पर 14 मई को एसपी-3 कॉन्फ्रेंस हॉल में समारोह आयोजित कर केक काटकर जश्न मनाया गया।

### 2001 में शुरू हुई थी उत्पादन यात्रा

एसपी-3 ने वर्ष 2001 में सिंटर मशीन-1 के कमीशनिंग के साथ उत्पादन शुरू किया था। 8 नवंबर 2014 को सिंटर मशीन-2 शुरू होने से क्षमता और बढ़ी। मुख्य महाप्रबंधक सजीव वर्गीज और महाप्रबंधक प्रभारी राहुल बिजुरकर के नेतृत्व में प्लांट ने यह मुकाम हासिल किया।



केक काटकर मनाया जश्न, अंतिम 5 एमटी उत्पादन सिर्फ 302 दिन में पूरा

### 302 दिन में बनाए 5 मिलियन टन

प्लांट ने अंतिम 5 मिलियन टन उत्पादन सिर्फ 302 दिनों में पूरा कर परिचालन दक्षता का नया रिकॉर्ड बनाया। लगातार नवाचार, आधुनिकीकरण और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास से ब्लास्ट फर्नेस की गुणवत्तापूर्ण सिंटर की मांग पूरी की जा रही है।

### सुरक्षा-गुणवत्ता पर जोर

समारोह में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार ने टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने के लिए सुरक्षा, हाउसकीपिंग और गुणवत्ता पर ध्यान जरूरी है। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सविर्सेज) तुषार कांत ने सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को याद करने को प्रेरणादायी बताया।


मुख्य महाप्रबंधक सजीव वर्गीज ने डिजिटलीकरण, डीकाबीनाइजेशन और नई तकनीक पर जोर देने की बात कही, ताकि दक्षता और प्रतिस्पर्धा और मजबूत हो। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) मनोज कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (क्वालिटी) राहुल श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। एसपी-3 समूह ने उत्पादकता और परिचालन उत्कृष्टता के नए मानक बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# ओपन बोर्ड परीक्षा में 'ओपन नकल' का वीडियो वायरल, कार में बैठकर हल किया पर्चा

## डीईओ बोले- छात्रा दिव्यांग थी, लेखक की सुविधा दी गई; नियमों पर उठे सवाल

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन बोर्ड का परिणाम गुरुवार को जारी होते ही एक वायरल वीडियो ने परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में दो छात्राएं स्कूल भवन के बाहर खड़ी कार में बैठकर पर्चा हल करती दिख रही हैं। मामला अभनपुर स्थित बजरंग दास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का है, जिसे ओपन बोर्ड की दसवीं-बारहवीं का परीक्षा केंद्र बनाया गया था।



### वीडियो में क्या है

वायरल वीडियो में स्कूल के सामने खड़ी कार में छात्राओं को बिना किसी पर्यवेक्षक के उत्तर लिखते देखा जा सकता है। वीडियो में स्कूल का पूरा व्यू नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि ये अंग्रेजी और गणित विषय के पर्चे हैं। अन्य परीक्षार्थियों को केंद्र के भीतर प्रश्नपत्र-उत्तरपुस्तिका दी गई, जबकि कार में बैठी छात्राओं को वहीं सामग्री उपलब्ध कराई गई।

### डीईओ की सफाई: छात्रा 100% दिव्यांग थी

रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने कहा कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कराई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि कार में बैठी छात्रा दिव्यांग है और चलने-फिरने में असक्षम होने के कारण उसे कार में ही बैठने दिया गया। डीईओ के अनुसार छात्रा के 100% दिव्यांग होने का प्रमाण पत्र चिकित्सक द्वारा जारी किया गया था और उसे लेखक की सुविधा भी दी गई थी। कुल चार दिव्यांग परीक्षार्थियों को लेखक उपलब्ध कराए गए थे।

### क्या कहते हैं नियम

सीबीएसई, माध्यमिक शिक्षा मंडल और राज्य ओपन बोर्ड में दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए भूतल पर पृथक कक्ष, लेखक और अतिरिक्त समय का प्रावधान है। हालांकि कार में बैठकर परीक्षा देने की अनुमति का नियमों में उल्लेख नहीं है। नियमानुसार दिव्यांग परीक्षार्थियों को भी पर्यवेक्षक की निगरानी में ही परीक्षा देनी होती है।

### ओपन बोर्ड का रिजल्ट घोषित, लड़कियां फिर आगे

इस बीच स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने गुरुवार को दसवीं-बारहवीं का परिणाम घोषित किया। दसवीं में 58.39% और बारहवीं में 71% विद्यार्थी पास हुए। दोनों परीक्षाओं में लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर रहा। दसवीं में 59.82% लड़कियां पास हुईं, जबकि लड़कों का प्रतिशत 57.43% रहा। बारहवीं में 72.17% लड़कियां और 70.01% लड़के उत्तीर्ण हुए।

### आंकड़ों में नतीजा

- 10वीं: 33,693 आवेदन, 31,852 शामिल, 18,578 उत्तीर्ण। प्रथम श्रेणी में 5,874, द्वितीय में 7,700, तृतीय में 4,947 छात्र पास। प्रथम श्रेणी में 3,404 लड़के, 2,470 लड़कियां। वहीं 12वीं: 40,256 पंजीयन, 38,683 शामिल, 24,823 उत्तीर्ण। प्रथम श्रेणी में 9,594, द्वितीय में 10,368, तृतीय में 4,738 छात्र पास। प्रथम श्रेणी में भी लड़कियां आगे। परिणाम ओपन बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। वीडियो की सत्यता की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मामले ने परीक्षा संचालन पर बहस छेड़ दी है।

**खास खबर**

## पेट्रोल-डीजल संकट पर कांग्रेस का वार: दीपक बोले- पीएम की अपील से फैली अफरा-तफरी



*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

### रेट बढ़ाने के लिए बनाया गया संकट का माहौल, सरकार से सप्लाई सुचारू करने की मांग

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पेट्रोल-डीजल को लेकर मचे हाहाकार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि पीएम की अदूरदर्शी अपील से पूरे देश में भय का माहौल बना और लोग संकट की आशंका में पेट्रोल पंपों पर कतार लगाने को मजबूर हुए। बैज ने आरोप लगाया कि सरकार को रेट बढ़ाना था, इसलिए संकट का मायाजाल रचा गया।

**आधे पंप ड्राई, सप्लाई क्यों नहीं :** बैज ने कहा कि देश भर के आधे पेट्रोल पंप ड्राई हो जाना लोगों में भय का बड़ा कारण है। सरकार के पास पर्याप्त स्टॉक है तो सप्लाई सुचारू क्यों नहीं हो रही। यदि सभी पंपों में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल मिले तो लोग खुद कतार में नहीं लगेंगे।

**रेट बढ़ाने के लिए ड्रामा :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार को पेट्रोल-डीजल का रेट बढ़ाना था, इसलिए यह ड्रामा किया गया। प्रधानमंत्री ने रेट बढ़ाने से पहले संकट का माहौल बनाया और जनता को परेशान कर दिया।

**नोटबंदी-जीएसटी का दिया हवाला :** दीपक बैज ने कहा कि बचत करना अलग विषय है, लेकिन कमी होना अलग है। प्रधानमंत्री ने बचत की अपील के साथ कमी को जोड़ दिया, जिससे हालात भयावह बने। यह मोदी की अदूरदशिर्ता है जिसका खामियाजा देश भुगत रहा है। उन्होंने कहा कि नोटबंदी, जीएसटी और लॉकडाउन के समय भी मोदी की अदूरदशिर्ता जनता पर भारी पड़ी थी।

**मोदी से देश नहीं संभल रहा :** बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से देश नहीं संभल रहा। देश ने पहले भी ऐसे संकट देखे हैं, तब तत्कालीन सरकारों ने सूझबूझ से सामना किया था। मोदी ने इस वैश्विक संकट पर विपक्षी दलों की बैठक तक नहीं बुलाई। जब स्थितियां नहीं संभल रहीं तो जनता से कम उपयोग की अपील कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत पामगढ़ में 15 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**रायपुर।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जांजगीर-चांपा जिले के एकीकृत बाल विकास परियोजना पामगढ़ द्वारा सद्भावना भवन में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 15 जोड़े विधि-विधान के साथ विवाह बंधन में बंधे।

समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों पर पुष्पवर्षा कर उन्हें सुखद, समृद्ध और मंगलमय दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। शासन की योजना के अनुरूप प्रत्येक नवदंपत्ति के बैंक खाते में निर्धारित राशि अंतरित की गई, ताकि वे अपने वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत आत्मविश्वास के साथ कर सकें। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक रहने और समाज में वैधानिक एवं गरिमामय विवाह को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रीति अजय दिव्य, श्रीमती प्रमिला अजय साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रूपचंद साहू तथा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गौरी छोटू जांगड़े उपस्थित रहीं और नवदंपत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

### वैज्ञानिकों द्वारा विकसित नई फसल किस्मों और आधुनिक तकनीकों से किसानों को मिल रहा है लाभ

# इकोनॉमी के विकास के लिए वैल्यू एडिशन आधारित उत्पादन करना होगा - राज्यपाल

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

छत्तीसगढ़ की लगभग 80 प्रतिशत अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। आज भूमि लगातार संकुचित होती जा रही है। अतएव हमें कम जमीन में ज्यादा से ज्यादा उत्पादन के लिए कार्य करना होगा। अर्थव्यवस्था के तेजी से विकास के लिए वैल्यू एडिशन उत्पादन आज की महती आवश्यकता है।



राज्यपाल रमेन डेका एवं कुलाधिपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर ने विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में यह बात कही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि मंत्री राम विचार नेताम और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के पूर्व निदेशक और प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार सिंह उपस्थित थे।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के सभागार में आयोजित भव्य एवं गरिमामय दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पदक एवं उपाधियां वितरित की गई। विभिन्न संकायों में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को 13 स्वर्ण, 7 रजत एवं 2 कांस्य पदक सहित 128 शोधार्थियों को पी.एच.डी, 518 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर और 1234 विधार्थियों को स्नातक उपाधि प्रदान की गई।

कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में राज्यपाल रमेन डेका ने इन उपाधि और पदक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह छात्र जीवन का एक बहुत बड़ा अवसर होता है। यह केवल डिग्री प्राप्त करने का दिन नही बल्कि भविष्य की शुरूआत का प्रतीक है। जब यह विश्वविद्यालय स्थापित हुआ था तब यहां केवल दो या तीन स्ट्रीम ही उपलब्ध थी। लेकिन समय के साथ शिक्षा और अवसरों का विस्तार हुआ है। श्री डेका ने कहा कि आज कृषि परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। अब यह विज्ञान तकनीकी, नवाचार और उद्यमिता से संचालित हो रही है। विश्वभर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन, उपग्रह मानचित्र, सटीक कृषि जलवायु अनुकूल तकनीक, जैव प्रौद्योगिकी और डेटा विश्लेषण का उपयोग बढ़ रहा है।

भारत भी तेजी से इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। ड्रोन द्वारा उर्वरक एवं कीटनाशक छिड़काव, डिजिटल उपकरणों से मृदा स्वास्थ्य निगरानी, मोबाइल ऐप द्वारा किसान परामर्श और ई-नाम बाजार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदल रहे हैं। किसानों और युवाओं को भी आधुनिक और उन्नत खेती की ओर बढ़ना चाहिए। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। लेकिन अब हमें बासमती जैसे उच्च गुणवत्ता वाले धान के उत्पादन पर भी ध्यान देना चाहिए। इससे कार्पोरेट कंपनियों द्वारा खरीद आसान होगी और किसानों को बेहतर लाभ मिल सकेगा। हाइड्रोपोनिक्स और प्राकृतिक खेती के लिए भी भविष्य में बड़ी संभावनाएं है। विद्यार्थियों को भी कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूमि और जल संरचना कृषि के लिए अनुकूल है। यहां पानी आसानी से नीचे नहीं जाता जिससे उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिलती है। सही तकनीक और सोच के साथ कृषि को और अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है।

दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय ने कृषि शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है तथा वैज्ञानिकों द्वारा विकसित नई फसल किस्मों और आधुनिक तकनीकों से किसानों को बड़ा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए खेती को आधुनिक, लाभकारी और टिकाऊ बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। धान के साथ-साथ दलहन, तिलहन, फल-सब्जी और मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार, कृषि उपकरणों की उपलब्धता तथा मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने विद्यार्थियों से ड्रोन, एआई और डिजिटल तकनीकों को खेती से जोड़कर किसानों और वैज्ञानिकों के बीच सेतु बनने का आव्हान किया।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि प्रदेश में कृषि को बढ़ावा देने के लिए अनेक नवाचार किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में धान की सबसे ज्यादा प्रजातियां है। सुगन्धित धान के लिए हमारा राज्य जाना जाता है। फल, फूल और मसाले की भी अपार संभावनाएं यहां है। उन्होंने विद्यार्थियों से शोध और नवाचार के क्षेत्र में आगे आने का आग्रह करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के ज्ञान का लाभ छत्तीसगढ़ को मिलेगा।

समारोह में दीक्षांत भाषण डॉ. अशोक कुमार सिंह ने दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने दीक्षांत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया उन्होंने विश्वविद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। साथ ही उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दीक्षा उपदेश दिया। आभार प्रदर्शन कुलसचिव द्वारा किया गया। दीक्षांत समारोह में क्षेत्र के विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा, विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपति, विश्वविद्यालय के प्रबंध मण्डल, विद्या परिषद तथा प्रशासनिक परिषद के सदस्यगण, प्राध्यापक, वैज्ञानिक, विश्वविद्यालय के अधिकारी, उपाधि तथा पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी तथा उनके पालकगण उपस्थित थे।

# सड़क खंडों के समग्र विकास की कार्ययोजना बनाकर करें काम



### भविष्य की जरुरतों के अनुरूप एक साथ स्वीकृत कराएं फ्लाई-ओवर्स'

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने आज संभागीय मुख्यालय दुर्ग में लोक निर्माण विभाग के दुर्ग परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता तथा कार्यपालन अभियंताओं की बैठक लेकर भवनों, सड़कों और पुलों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने दुर्ग और पाटन में तीन कार्यस्थलों पर जाकर कार्यों का निरीक्षण भी किया।

श्री बंसल ने बैठक में अधिकारियों को भविष्य की जरुरतों के अनुरूप सभी सड़क खंडों पर फ्लाई-ओवर्स की समग्र योजनाओं के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्ग परिक्षेत्र के लोक निर्माण विभाग के सभी संभागों में प्रगतिरत कार्यों में तेजी लाते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने को कहा। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी भी बैठक में मौजूद थे।

लोक निर्माण विभाग के सचिव ने निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के 15 दिनों के भीतर चयनित एजेंसी से अनुबंध की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता और समय-सीमा में काम सरकार की सवोच्च प्राथमिकता है। विभागीय अधिकारी अपने सुव्यवस्थित और समयबद्ध कार्यों से नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के बीच विभाग की अच्छी छवि बनाएं। सभी कार्यों को पूरी जवाबदेही, सक्रियता और गंभीरता से अंजाम दें।

श्री बंसल ने सभी अधिकारियों को मुख्यालय में रहकर निर्माणाधीन कार्यों की पुख्ता और नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र के सड़कों की स्थिति की पूरी जानकारी रखते हुए परफार्मेंस गारंटी वाली सड़कों में सुधार की जरूरत पर संबंधित ठेकेदारों से तत्काल मरम्मत कराने को कहा। उन्होंने मैदानी स्तर पर भू-अर्जन में आ रही बाधाओं से वरिष्ठ कार्यालयों को अवगत कराने को कहा, ताकि निराकरण की कार्यवाही उच्च स्तर पर यथासमय की जा सके। उन्होंने इनके निराकरण में किसी भी प्रकार की देरी नहीं करने को कहा।

लोक निर्माण विभाग के सचिव ने शासकीय भवनों के निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता एवं उपयोगिता के अनुरूप हॉरिजांटल की जगह वर्टिकल निर्माण को बढ़ावा देते हुए आधुनिक डिजाइनों और नई तकनीकों से निर्माण की कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया। उन्होंने भवनों के निर्माण के दौरान निर्माण सामग्री से लेकर टाइल्स, पुट्टी और पेंट अच्छी गुणवत्ता का उपयोग करने को कहा। उन्होंने भूजल स्तर को रिचार्ज करने सभी भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की भी व्यवस्था के निर्देश दिए।

लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने दुर्ग के साइंस कॉलेज में बन रहे 750 सीटर आडिटोरियम के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों में तेजी लाते हुए जल्द इसका निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जेल तिराहा से मिनीमाता चौक पुलगांव तक के सड़क चौड़ीकरण कार्य का भी अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# वनांचल क्षेत्र का चंहुमुखी विकास हमारी प्राथमिकता - उप मुख्यमंत्री शर्मा

## सुदूर वनांचल के सुशासन तिहार शिविर में पहुंचे उप मुख्यमंत्रीविजय शर्मा, सुनी लोगों की समस्याएं

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल एवं बैगा बाहुल्य क्षेत्र तरेगांव जंगल में आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। उन्होंने शिविर में ग्रामीणों के साथ अपने सहज और चिर-परिचित अंदाज में सीधे संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।



उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद का माध्यम है। राज्य सरकार गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालका राम किंकर वर्मा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्री कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री विदेशी राम धुर्वे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत श्री नंद श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रूपा राजकुमार धुर्वे, श्री लोकचंद साहू, श्री मनीराम साहू, कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि और विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि वनांचल क्षेत्रों का समुचित विकास और मूलभूत सुविधाओं की सहज पहुंच सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि 100 करोड़ रुपए की लागत वाली कुसुमघटा - बैजलपुर - राजानवांगांव समूह जल प्रदाय योजना से 66 गांवों तक पेयजल पहुंचाया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे बड़ौदाखुर्द, बड़ौदाकला, भलपहारी, अचानकपुर, गंडईकला, गंडईखुर्द, कुसुमघटा, बोइरकछारा, खरहट्टा, भरेली, खड़ोदाकला, कारेसरा, सारंगपुर कला, राम्हेपुर, लोहझरी, सुकवापारा, जैताटोला, खैरबनाखुर्द, घोंघा, दियाबार, छपरी, खुर्सीपार, मंडलाटोला, मुड़ियापारा, मरियाटोला, बैहरसरी, सिल्हाटी, प्रभाटोला, बुधवारा, रहंगी, चंडालपुर, हरिनछपरा, मिनमिनिया मैदान, मोतिमपुर, रघुपारा, बद्दो, खिरसाली, लाटा, बाघुटोला, राजानवागांव, तिलाईभाट, बिसनपुरा, भलुचुवा, भीरा, खरिया, मुड़घुसरी मैदान, खड़ोदाखुर्द, कांदापारा, कामाडबरी, सिंघारी, बैजलपुर, अंधरीकछार, सिल्ली, बोदा 03, लबदा, अमेरा, सोंनतरा, मगरवाड़ा, बोरिया, कनपा, सिरमी, खंडसरा, छांटा, मड़मड़ा, कबराटोला, महली ग्राम शामिल है।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा क्षीरपानी मध्यम परियोजना के नहर विस्तार के लिए 50 करोड़ रुपए की घोषणा की गई है। इस परियोजना से 19 गांवों के हजारों किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गठन के बाद सबसे पहले गरीब परिवारों के पक्के मकान के सपने को पूरा करने की दिशा में कार्य किया गया। लंबे समय से आवास की प्रतीक्षा कर रहे पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति दी गई है। तरेगांव जंगल क्लस्टर जहां यह शिविर आयोजित है इसके 26 गांवों में ही 5000 से अधिक आवास स्वीकृत एवं निर्माणाधीन हैं।

### पीएम जनमन योजना से वनांचल में बनेंगी 19 नई सड़कें

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार विशेष रूप से पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों तक बारहमासी सड़कें पहुंचाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि तरेगांव जंगल क्षेत्र में 35.80 करोड़ रुपए की लागत से 14 सड़कों को स्वीकृति दी गई है, जिनकी कुल लंबाई 51.4 किलोमीटर होगी। वहीं फेस-04 अंतर्गत 11.53 करोड़ रुपए की लागत से 5 नई सड़कों को मंजूरी मिली है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से वनांचल क्षेत्रों में आवागमन और संपर्क सुविधाएं बेहतर होंगी।

उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर भी जोर देते हुए कहा कि यहां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड किया गया है। इसके लिए 2.5 करोड़ रुपए की लागत से भवन स्वीकृत किया गया है। इससे चिकित्सकीय सेवाओं और स्टाफ में वृद्धि होगी तथा आसपास के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

### हर पंचायत में खुलेंगे अटल डिजिटल सुविधा केंद्र

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का उल्लेख करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत अब तक 27 किश्तें जारी की जा चुकी हैं और हितग्राही महिलाओं को 27-27 हजार रुपए की राशि प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हर पंचायत में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र खोलने का कार्य किया जा रहा है, ताकि महिलाओं को राशि निकालने दूर न जाना पड़े। तरेगांव जंगल में महिला समूहों के लिए महतारी सदन भी स्वीकृत किया गया है।

# सुशासन शिविर में विधायक चंद्राकर ने महिला समूह को वितरित किया गया चार लाख रूपए का चेक



*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

जिले के नगर पालिक निगम रिसाली के अंतर्गत एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा में 14 वार्डो के लिए आयोजित सुशासन शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने महिला कोष अंतर्गत कुल चार लाख रूपए का चेक वितरण किया। इस राशि से जागृति स्व सहायता समूह और विजयता धीवर लघु उद्योग स्थापित करेंगी।

विधायक श्री चंद्राकर ने भी विभागीय अधिकारियों से जनता की समस्या संबंधी आवेदनों के निराकरण के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिये। शिविर में विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि डबल इंजन सरकार हर बार आपके द्वार आती है और समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करती है। वार्डों और घरों तक पहुंचने का शिविर एक माध्यम है। शिविर के माध्यम से न केवल जनप्रतिनिधि बल्कि उच्च अधिकारी आप लोगों के समक्ष उपस्थित रहकर आपके द्वारा बताए शिकायतों का निराकरण निर्धारित समयावधि में पूरा करते है।

विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि सुशासन शिविर में संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर एवं दुर्ग रेंज के आईजी अभिषेक सांडिल शिविर में भी मौजूद है। उनकी ही निगरानी पर यह शिविर संपादित हो रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ महिला कोष अंतर्गत विजयता धीवर को सिलाई कार्य और दस सदस्य वाली जागृति स्व सहायता समूह को आचार पापड़ उद्योग लगाने दो-दो लाख रूपए का चेक वितरण किया। शिविर में निगम के सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, नगर पालिक निगम रिसाली आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा, एमआईसी रंजीता बेनुआ, सनीर साहू, पार्षद गजेन्द्री कोठारी, रेखा देवी, ममता सिन्हा, सोनिया देवांगन, धर्मेन्द्र भगत, राजू जंघेल शामिल हुए।

### विधायक ने दिलाया संकल्प

सुशासन शिविर में विधायक श्री चंद्राकर ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले मौत एवं घायलों की बढ़ती संख्या को कम करने के लिए आम नागरिकों को शपथ दिलाई। उन्होंने नशे की हालत में और निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने समेत हेलमेट पहनकर दो पहिया वाहन चलाने का आव्हान किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक श्री चंद्राकर और संभाग आयुक्त श्री राठौर ने क्षेत्र के 23 लोगों को वाहन चलाने लर्निंग लाइसेंस सौंपा। शिविर में संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर और दुर्ग रेंज के आईजी अभिषेक सांडिल भी शामिल हुए। जहां उन्होंने विभिन्न विभागों से स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों से आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली।

# संपादकीय

## केरल में सतीशन सीएम मतलब परिवार की नहीं चली

**कांग्रेस की राजनीति परंपरा में परिवार की इच्छा अब तक अंतिम मानी जाती रही है। परिवार की इच्छा पूरा करना कांग्रेस नेताओं का पहला और अंतिम काम हुआ करता था। परिवार ने जिस नेता के सर पर हाथ रख दिया उसका सीएम बनना तय माना जाता था। छत्तीसगढ़ में यही हुआ, राजस्थान में यही हुआ,मप्र में यही हुआ। पंजाब मे यही हुआ। हिमाचल में यही हुआ। कर्नाटक में यही हुआ। इससे परिवार तो मजबूत हुआ लेकिन कांग्रेस इन तमाम राज्यों में आपसी गुटबाजी,कलह के चलते कमजोर हुई और कई राज्यों चुनाव हार चुकी है। इससे कांग्रेस के जमीनी नेताओं को ऐसा लगा कि उनका कांग्रेस में कोई महत्व नहीं है और कई जमीनी नेता कांग्रेस छोड़कर चले गए, इससे भी कांग्रेस कमजोर हुई है। केरल में पहली बार ऐसा हुआ है कि परिवार को जमीनी नेता के महत्व देना पड़ा है। पहली बार किसी राज्य में परिवार की नहीं चली है।**

केरल में एक चुनाव हारने के बाद कांग्रेस इस बार चुनाव जीती है.यानी जनता ने दस साल बात कांग्रेस को चुनाव जिताया है तो उसका बड़ा कारण यहा के नए नेता सतीशन माने जाते हैं कि। उन्होंने हारने के बाद कांग्रस को जमीन स्तर पर मजबूत किया। गठबंधन के दल सहित कांग्रेस के सभी नेताओं को साथ लेकर कांग्रेस को वामपंथी दलों का बेहतर विकल्प बनाया।वामपंथी सरकार के खिलाफ आक्रामक रहे और जनता को बताया कि यह सरकार भ्रष्ट है। चुनाव में जनता ने वामपंथी सरकार को हराकर कांग्रेस के गठबंधन को मौका दिया तो कांग्रेस के गुटबाज नेता सीएम पद के दावेदार के रूप में सामने आ गए और दस दिनों तक वही होता रहा जो होता आया है। परिवार के करीबी नेता चाहते थे कि परिवार उनको सीएम बनाए। परिवार भी किसी राज्य में कांग्रेस के चुनाव जीतने पर अपने प्रति वफादार लोगों को ही सबसे पहले मौका देता रहा है।

यहां भी परिवार ने फिर एक बार वही करने का प्रयास किया। परिवार को कोशिश थी कांग्रेस गठबंधन ने चुनाव जीता है तो उनका वफादार ही सीएम बने। दिल्ली में उनके वफादार केसी वेणुगोपाल को भी लगा कि यह अच्छा मौका है केरल का सीएम बनने का। इसलिए उन्होंने परिवार की मर्जी के नाम पर खुद को दौड़ में सबसे आगे व मजबूत दावेदार बताने का प्रयास किया। हवा बनाई गई कि ज्यादातर विधायक उनके सीएम बनने के पक्षधर है। परिवार ने कोशिश की दस दिन की वेणुगोपाल के नाम पर सहमति बन जाए लेकिन चुनाव जिताने वाले सतीशन आखिरी तक नहीं माने और उनके साथ के विधायक व गठबंधन भी उनके पक्ष मे था इसलिए आखिरी में परिवार को सतीशन को सीएम घोषित करना पड़ा। परिवार चेनीथल्ला को मनाने में सफल हो गया था लेकिन सतीशन जानते थे कि वह जरा भी कमजोर पड़े तो वह पीछे कर दिए जाएंगे यानी छत्तीसगढ़ के सिंहदेव और कर्नाटक के शिवकुमार बना दिए जाएंगे। वह पूरी ताकत से अड़े रहे कि वही सीएम बनेंगे इससे कम कुछ भी उनको मंजूर नहीं और परिवार को मानना पड़ा।

परिवार वेणुगोपाल को चाहकर भी सीएम नहीं बना सका। परिवार को केरल की जमीनी हकीकत को स्वीकार करना पड़ा और कर्नाटक का उदाहरण परिवार के सामने है.जहां पिछले कई बरसों से ढाई ढाई साल सीएम पद को लेकर जोरआजमाइश चली आ रही है।परिवार को मानना पड़ा कि अगर वह केरल में वेणुगोपाल को दिल्ली से थोपते है तो केरल मे कांग्रेस को वही हाल होना है जो कर्नाटक में है।केरल में भी कांग्रेस को वही हाल होता जो छत्तीसगढ़,मप्र,राजस्थान में हुआ। एक चुनाव जीतने के बाद आपसी कलह के चलते कांग्रेस दूसरा चुनाव जीत नहीं पाई। केरल में परिवार को कांग्रेस के वफादार और राज्य की जमीनी हकीकत मे से किसी एक को चुनना था और परिवार को वही करना पड़ा है जिससे केरल में कांगेस मजबूत हो सके और अगला चुनाव फिर से जीत सके।

बरसों बाद किसी राज्य में कोई सीएम बना है तो परिवार की पसंद का नहीं है। पहले इसकी कल्पना नहीं करता था कोई कि जो परिवार की पसंद का नहीं है वह सीएम बन सकता है लेकिन चुनाव जिताने में परिवार की भूमिका कम होते जाने से आज कांग्रेस में परिवार को स्वीकार करना पड़ रहा है कि उनकी मर्जी थोपी गई तो राज्यों मे कांग्रेस कमजोर हो सकती है इसलिए राज्य के नेता व गठबंधन जो चाहते हैं वही करना ठीक है और परिवार की मजबूरी है। पहली बार परिवार को यह बात समझ में आई है कि उनका सामान उठाने वाला परिवार के लिए तो ठीक हो सकता है लेकिन राज्य के कांग्रेस के ठीक नहीं हो सकता। पहली लड़ाई को सतीशन ने जीती है, आगे क्या होता है यह देखने योग्य होगा।

# बढ़ती महंगाई : कठिन हो रहा है आम आदमी का जीवन-यापन

*डॉ. जयंती लाल भंडारी*

**क्रिसिल की ह्यरोटी चावल दरह्न रिपोर्ट के अनुसार घर पर बनी थाली की कीमतें बढ़ी हैं। रोजमर्रा उपयोग की वस्तुएं- रसोई का सामान, कपड़े और घरेलू उपकरण महंगे हो रहे हैं। पश्चिम एशिया संकट और अन्य कारणों से भारत में महंगाई बढ़ रही है। 12 मई को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल, 2026 में खुदरा महंगाई दर 3 .48 प्रतिशत हो गई, जो मार्च की 3 .40 प्रतिशत दर से अधिक है। इससे आम जनता का दैनिक जीवन कठिन हो रहा है और अर्थव्यवस्था की विकास दर धीमी पड़ रही है।**




प्रधानमंत्री ने वैश्विक ऊर्जा संकट के कारण जनता से पेट्रोल, डीजल और गैस के संयमित उपयोग की अपील की है और मेट्रो, सार्वजनिक परिवहन, इलेक्ट्रिक वाहन, कार पूलिंग, वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों को बढ़ावा देने को कहा है। अर्थ विशेषज्ञ भी भारत को पश्चिम एशिया संकट और वैश्विक अनिश्चितता के लिए सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। वहीं, आरबीआई के गर्वनर ने महंगाई बढ़ने पर नीतिगत रेपो रेट बढ़ाने की संभावना जताई है।

पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और आपूर्ति बाधाओं से भारत में महंगाई बढ़ रही है। सरकार महंगाई नियंत्रण के उपाय कर रही है, लेकिन नागरिकों को पेट्रोल-डीजल के संयमित उपयोग और अन्य प्रयासों में मदद करनी होगी। एलपीजी सिलेंडरों की बढ़ी कीमतों से व्यवसायों की लागत बढ़ी है, जिसका बोझ उपभोक्ताओं पर पड़ने से महंगाई और बढ़ रही है।

हालांकि, अभी पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की खुदरा कीमतें वैश्विक पेट्रोलियम उत्पादों की ऊंची कीमतों के कारण बढ़ने की आशंका बनी हुई है। सरकारी तेल कंपनियों को हर माह करीब 30 हजार करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। भारत में महंगाई की दर अभी दुनिया की तुलना में कम है, लेकिन बढ़ने की प्रवृत्ति स्पष्ट है। एशियाई विकास बैंक और ईवाई इंडिया की रिपोर्टों के अनुसार, 2026 में महंगाई दर 6 प्रतिशत से ऊपर स्तर तक पहुंच सकती है।

क्रिसिल की रोटी चावल दर रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल, 2026 में घर पर बनी थाली की कीमतें बढ़ गई हैं। आम जीवन की रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे रसोई का सामान, कपड़े और घरेलू उपकरण महंगे हो रहे हैं। एफएमसीजी कंपनियां उत्पादों की कीमत बढ़ाने या पैकेट का आकार घटाने पर विचार कर रही हैं। साथ ही, भारतीय मौसम विभाग ने अल नीनो के कारण सामान्य से कम मॉनसून की आशंका जताई है, जिससे कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के बीच आम आदमी को महंगाई से बचाने के लिए रणनीतिक कदम उठाए हैं। पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद कर में कटौती की गई और निर्यात शुल्क बढ़ाया गया ताकि घरेलू ईंधन की कीमतें काबू में रहें। आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू किया गया है, तेल रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। इसके अलावा, सरकार ने खाद्य वस्तुओं के बफर स्टॉक बढ़ाए, रणनीतिक बिक्री की और जरूरी आयात को सुविधाजनक बनाया है ताकि महंगाई के प्रभाव को कम किया जा सके।

पश्चिम एशिया संकट के बावजूद भारत के पास महंगाई नियंत्रण की कुछ मजबूत बुनियादी शक्ति है। सरकार की आर्थिक और कूटनीतिक पहलें असर दिखा रही हैं, और विशाल खाद्यान्न भंडार, रिकॉर्ड उत्पादन और 80 करोड़ कमजोर वर्ग को निःशुल्क वितरण भारत की खाद्य सुरक्षा को मजबूत बनाते हैं। विदेशी मुद्रा भंडार में 690 अरब डॉलर से अधिक की उपलब्धता भी आर्थिक स्थिरता का संकेत है। हालांकि, वैश्विक तेल कीमतें बढ़ रही हैं और नीतिगत हस्तक्षेप की गुंजाइश सीमित है, ऐसे में नागरिकों को पेट्रोल-डीजल का संयमित उपयोग करने की आवश्यकता है।

आशा है सरकार द्वारा पश्चिम एशिया संकट के बीच महंगाई नियंत्रण के मद्देनजर ब्राजील, रूस और वेनेजुएला से कच्चे तेल का अधिक आयात किया जाएगा। पेट्रोल में इथेनॉल का मिश्रण 30 प्रतिशत किया जाएगा। तेल की मांग में कमी करने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के उपयोग में तेजी लाई जाएगी। सरकार द्वारा गैर विकास कार्यों पर खर्च में कमी के साथ अनावश्यक सब्सिडी में कटौती की जाएगी। सरकार के द्वारा खाद्य तेल के आयात शुल्क में कमी सहित उवरकों की उपयुक्त आपूर्ति के लिए आगे बढ़ा जाएगा।

रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक नीति सख्त करते हुए वतर्मान नीतिगत ब्याज दर (रेपो रेट) को आवश्यकता के अनुरूप बढ़ाया जाएगा। साथ ही सरकार द्वारा कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 को कड़ाई से लागू करना चाहिए। सरकार के बहुआयामी रणनीतिक प्रयासों से ही भारत वैश्विक ऊर्जा संकट का प्रभावी ढंग से सामना कर पाएगा।

# पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें और भरोसे की अग्नि परीक्षा

*दुबे जी की दृव्यदृष्टि / रायपुर*




रायपुर शहर में आज जो तस्वीर देखने को मिली, उसने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी। शहर के अधिकांश पेट्रोल पंप बंद रहे, जबकि जो खुले थे वहां वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। लोग घंटों इंतजार करते नजर आए। लोग परेशान, महिलाएं चिंतित, ऑफिस जाने वाले कमर्चारी हताश और रोजमर्रा के कामों के लिए निकले आम नागरिक समय और ईंधन दोनों की मार झेलते दिखे।

केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार लगातार यह कह रही हैं कि देश में पेट्रोल और गैस का पर्याप्त भंडार मौजूद है। सरकारी दावों के अनुसार किसी तरह की कमी नहीं है और घबराने की आवश्यकता भी नहीं है। लेकिन दूसरी तरफ जमीनी हालात लोगों के मन में सवाल खड़े कर रहे हैं। अगर सब कुछ सामान्य है, तो फिर अचानक इतने पंप बंद क्यों हैं? अगर सप्लाई पर्याप्त है, तो लोगों को घंटों लाइन में क्यों लगना पड़ रहा है?

सूत्रों के हवाले से यह बात भी सामने आ रही है कि पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल पंपों के लिए सप्लाई की सीमा तय कर दी है। यदि यह सच है, तो स्थिति सामान्य होने का दावा कमजोर पड़ता दिखाई देता है। हालांकि सरकार और कंपनियों की ओर से इस पर स्पष्ट और पारदर्शी जानकारी सामने आना जरूरी है, ताकि अफवाहों और डर का माहौल खत्म हो सके।

इस पूरे घटनाक्रम के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वह अपील भी चर्चा में है, जिसमें उन्होंने देशवासियों से डीजल और पेट्रोल का संयमित उपयोग करने की बात कही थी। प्रधानमंत्री ने लोगों से अनावश्यक वाहन उपयोग कम करने, छोटी दूरी के लिए पैदल या साइकिल का इस्तेमाल करने और ऊर्जा संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया था। यह अपील केवल ईंधन बचत तक सीमित नहीं थी, बल्कि आत्मनिर्भरता और जिम्मेदार उपभोग की सोच से भी जुड़ी थी।

आज रायपुर की स्थिति उस अपील की गंभीरता को समझने का मौका देती है। भारत अभी भी बड़ी मात्रा में कच्चे तेल के आयात पर निर्भर है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं या बाजार की अनिश्चितता सीधे आम लोगों के जीवन को प्रभावित करती हैं। इसलिए ऊर्जा संरक्षण अब केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं, बल्कि आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय भी बन चुका है।

हालांकि यह भी जरूरी है कि आम जनता पर केवल संयम की जिम्मेदारी डालकर सरकारें अपनी जवाबदेही से पीछे न हटें। यदि कहीं वितरण व्यवस्था में समस्या है, तो उसे तत्काल ठीक किया जाना चाहिए। लोगों को समय पर सही जानकारी देना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है। पारदशिर्ता और भरोसा, दोनों ऐसे समय में सबसे ज्यादा जरूरी होते हैं।

रायपुर में आज दिखी लंबी लाइनें सिर्फ पेट्रोल की चिंता नहीं थीं, बल्कि यह उस असहज स्थिति का संकेत थीं जहां जनता सरकारी आश्वासनों और जमीनी सच्चाई के बीच फंसी नजर आती है। जरूरत इस बात की है कि घबराहट नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और स्पष्ट व्यवस्था के साथ इस स्थिति को संभाला जाए। तभी लोगों का भरोसा बना रहेगा और संकट जैसी स्थिति पैदा होने से रोका जा सकेगा।

# मीडिया में दिख रहा है किस औरत का चेहरा!




*प्रो. संजय द्विवेदी*



**औरत की देह इस समय मीडिया का सबसे लोकप्रिय विमर्श है। सेक्स और मीडिया के समन्वय से जो अथर्शास्त्र बनता है, उसने सारे मूल्यों को शीर्षासन करवा दिया है। फिल्मों, इंटरनेट, मोबाइल, टीवी चैनलों से आगे अब वह मुद्रित माध्यमों पर पसरा पड़ा है। मीडिया ने उदारीकरण के बाद बाजार में एकदम नई औरत उतार दी है, जो आत्मविश्वास से भरी है और तमाम वर्जित क्षेत्रों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए उत्सुक है। इस सबके बीच मीडिया की कुछ सकारात्मक भूमिका भी है जो रेखांकित की जानी चाहिए। औरत की एक नई पहचान बनाने और स्थापित करने में उसने एक बड़ी भूमिका निभाई है। सौंदर्य एवं आकर्षण से इतर एक महत्वाकांक्षी और कर्मठ छवि बनाने में मदद की है। महिला अधिकार और स्वतंत्रता के साथ-साथ परिवार के अंदर वह एक निर्णायक भूमिका में नजर आ रही है। महिला उद्यमिता के साथ-साथ समाज में महिलाओं के संघर्ष को भी मीडिया ने स्वर दिया है। किंतु कुछ सकारात्मक पक्षों के साथ उसका महिला को एक सेक्स आब्जेक्ट के रूप में पेश करने का रवैया सबसे खतरनाक है, जो उसके सभी पुण्यकर्मों पर पानी फेर देता है।**

प्रिंट मीडिया जो पहले अपने दैहिक विमर्शों के लिए प्लेबाय या डेबोनियर तक सीमित था अब दैनिक अखबारों से लेकर हर पत्र-पत्रिका में अपनी जगह बना चुका है। अखबारों में ग्लैमर वर्ल्ड के कॉलम ही नहीं खबरों के पृष्ठों पर भी लगभग निर्वसन विषकन्याओं का कैटवाग खासी जगह घेरा रहा है। वह पूरा हल्लाबोल 24 घंटे के चैनलों के कोलाहल और सुबह के अखबारों के माध्यम से दैनिक होकर जिंदगी में एक खास जगह बना चुका है। प्रिंट मीडिया अब इससे होड़ ले रहा है। इंटरनेट ने सही रूप में अपने व्यापक लाभों के बावजूद सबसे ज्यादा फायदा सेक्स कारोबार को पहुँचाया। पूंजी की ताकतें सेक्सुएलिटी को पारदर्शी बनाने में जुटी है। महानगरों में लोगों की सेक्स हैबिट्स को लेकर भी मुद्रित माध्यमों में सर्वेक्षण छापने की होड़ है।

सेक्स को बार-बार कवर स्टोरी का विषय बनाकर ये उसे रोजमर्रा की चीज बना देना चाहते हैं। इस षड़यंत्र में शामिल मीडिया बाजार की बाधाएं हटा रहा है। फिल्मों की जो गंदगी कही जाती थी वह शायद उतना नुकसान न कर पाए जैसा धमाल इन दिनों मुद्रित माध्यम मचा रहे हैं। कामोत्तेजक वातावरण को बनाने और बेचने की यह होड़ कम होती नहीं दिखती। मीडिया का हर माध्यम एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में है। यह होड़ है नंगई की। फिल्मों ने बाजार में एक नई हिंदुस्तानी औरत उतार दी है। जिसे देखकर समाज चमत्कृत है। कपड़े उतारने पर आमादा इस स्त्री के दर्शन के दर्शन ने मीडिया प्रबंधकों के आत्मविश्वास को हिलाकर रख दिया सेक्स सांस्कृतिक विनिमय की पहली सीढ़ी है। शायद इसीलिए जब कोई भी हमलावर किसी भी जातीय अस्मिता पर हमला बोलता है तो निशाने पर सबसे पहले उसकी औरतें होती हैं। यह बाजारवाद अब भारतीय अस्मिता के अपहरण में लगा है, निशाना भारतीय औरतें हैं। एक समय में भारतीय स्त्री के सौंदर्य पर विश्व का अचानक मुग्ध हो जाना, देश में मिस युनीवर्स, मिस वर्ल्ड की कतार लग जाना-खतरे का संकेतक ही था। हम उस षड़यंत्र को भांप नहीं पाए। अमरीकी बाजार का यह अश्वमेघ, दिग्विजय करता हुआ हमारी अस्मिता का अपहरण कर ले गया।

लांछन अब इस दौर में उपलब्धियों में बदल रहे हैं। भोगो और मुक्त हो, यही इस युग का सत्य है। कैसे सुंदर दिखें और कैसे मर्द की आंख का आकर्षण बनें यही पहिला पत्रकारिता का मूल विमर्श है। जीवन शैली अब लाइफ स्टाइल में बदल गया है। बाजारवाद के मुख्य हथियार विज्ञापन अब नए-नए रूप धरकर हमें लुभा रहे हैं। नग्नता ही स्त्री स्वातंत्र्य का पर्याय बन गयी है। मेगा माल्स, ऊँची ऊँची इमारतें, डियाइनर कपड़ों के विशाल शोरूम, रातभर चलने वाली मादक पार्टियां और बल्लियों उछलता नशीला उत्साह। इस पूरे परिदृश्य को अपने नए सौंदयबीध से परोसता, उगलता मीडिया एक ऐसी दुनिया रच रहा है जहाँ बज रहा है सिर्फ देहराग, देहराग और देहराग।

इन तमाम संकटों के बीच भी स्त्री आज के समय में वह घर और बाहर दोनों स्थानों अपेक्षित आदर प्राप्त कर रही है। वह समाज को नए नजरिये से देख रही है। उसका आकलन कर रही है और अपने लिए निरंतर नए क्षितिज खोल रही है।ऐसी सार्मथ्यशाली स्त्री को शिखर छूने के अवसर देने के बजाए हम उसे बाजार के जाल में फंसा रहे हैं। वह अपनी निजता और सौंदयबीध के साथ जीने की स्थितियां और आदर समाज जीवन में प्राप्त कर सके हमें इसका प्रयास करना चाहिए। हमारे समाज में स्त्रियों के प्रति धारणा निरंतर बदल रही है। वह नए-नए सोपानों का स्पर्श कर रही है। माता-पिता की सोच भी बदल रही है वे अपनी बच्चियों के बेहतर विकास के लिए तमाम जतन कर रहे हैं। स्त्री सही मायने में इस दौर में ज्यादा शक्तिशाली होकर उभरी है। किंतु बाजार हर जगह शिकार तलाश ही लेता है। वह औरत की शक्ति का बाजारीकरण करना चाहता है। हमें देखना होगा कि भारतीय स्त्री पर मुग्ध बाजार उसकी शक्ति तो बने किंतु उसका शोषण न कर सके। आज में मीडियामय और विज्ञापनी बाजार में औरत के लिए हर कदम पर खतरे हैं। पल-पल पर उसके लिए बाजार सजे हैं। देह के भी, रूप के भी, प्रतिभा के भी, कलंक के भी। हद तो यह कि कलंक भी पब्लिसिटी के काम आ रहे हैं। क्योंकि यह समय कह रहा है कि दाग अच्छे हैं। बाजार इसी तरह से हमें रिझा रहा है और बोली लगा रहा है। हमें इस समय से बचते हुए इसके बेहतर प्रभावों को ग्रहण करना है। मीडिया के उजले पक्ष की व्यापक उपस्थिति भी दिखती है। टीवी माध्यम के विस्तार ने युवतियों और महिलाओं को एक नई शक्ति दी है। न्यूज रूम जो प्रिंट मीडिया की शाहंशाही में पुरूषों से भरे थे, अब टीवी मीडिया दौर में न्यूज रूम औरतों की उपस्थिति से ही नई पहचान अर्जित कर रहे हैं। टीवी पर दिखने के अलावा उसके पीछे भी स्त्रियों की एक बड़ी शक्ति ही काम कर रही है।

समूचा परिदृश्य बताता है कि मुख्यधारा के मीडिया में स्त्री के सवाल उस तरह से स्थापित नहीं हो सके हैं जिस परिमाण में स्त्री शक्ति का प्रकटीकरण हुआ है। उसके पूरे चरित्र में आज भी एक असंतुलन है। यह एक मीडिया की नाकामी ही है, जिस पर उसे निरंतर आत्मालोचन की जरूरत है। 1949 में सिमोन द बोवुआर ने अपनी किताब द सेकंड सेक्स में स्थापना दी थी कि औरत पैदा नहीं होती बल्कि बनाई जाती है। उनकी बात आज भी प्रासंगिक है क्योंकि हमारे तमाम भौतिक विकास के बावजूद हम मानसिक और सामाजिक स्तर पर स्त्री को वह जगह नहीं दे पाए हैं जिसकी वह हकदार है। मीडिया भी इससे मुक्त नहीं है क्योंकि वह भी इसी सामाजिक व्यवस्था से खाद-पानी पीकर बनता और प्रभावी होता है।

**(लेखक माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल में जनसंचार विभाग के अध्यक्ष हैं।)**

# भारत की संभावनाओं पर लगते ग्रहण का परिणाम

**सात साल बाद बर्नस्टीन रिसर्च ने प्रधानमंत्री को अपनी दूसरी चिट्ठी लिखी है, जिसमें वह भारत को लेकर चिंता में डूबा नजर आया है। इसमें उसने भारत की विकास कथा के लिए खड़ी कठिन चुनौतियों पर रोशनी डाली है।**

अंतरराष्ट्रीय इक्विटी रिसर्च एवं ब्रोकरेज फर्म बर्नस्टीन ने पत्र लिख कर प्रधानमंत्री को उन गंभीर आर्थिक स्थितियों से आगाह किया है, जो भारत की विकास कथा के लिए खतरा बन रही है। इसी फर्म ने 2019 के आम चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत के बाद भी नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था। तब बर्नस्टीन भारत की संभावनाओं को लेकर आशावादी थी। तब उसने कहा था कि पूंजी मुहैया करवा कर बैंकिंग सिस्टम को दुरुस्त कर लिया जाए और दिवालिया संहिता (आईबीसी कोड) को कारगर बना दिया जाए, तो आर्थिक विकास की पटरी पर भारत तेज रफ्तार से दौड़ सकता है।

अब सात साल बाद बर्नस्टीन रिसर्च भारत को लेकर गहरी चिंता में डूबा नजर आया है। उसने भारत की विकास कथा के लिए खड़ी चुनौतियों पर रोशनी डाली है। कहा है कि रोजगार का प्रश्न अब चक्रीय नहीं रहा, बल्कि यह भारत के अस्तित्व से जुड़ गया है। बर्नस्टीन ने कहा है कि भारतीय कृषि 1970 के दशक के नीति-जाल में अटकी हुई है। नतीजतन, जीडीपी में 15-16 प्रतिशत योगदान के बावजूद इस पर श्रम शक्ति का 42-45 प्रतिशत हिस्सा निर्भर है। पत्र में आगाह किया गया है कि भारत के सामने यह स्थायी खतरा खड़ा है, जिससे वह आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का निर्माता नहीं, बल्कि उपभोक्ता भर बन कर रह जाएगा।

उधर मैनुफैक्चरिंग में गहराई के अभाव में देश की महत्त्वाकांक्षाएं ठोस आधार नहीं पा सकी हैं। जिन क्षेत्रों में निर्यात बढ़ा है, उनमें भी चीनी पाट-पुर्जो पर 30-40 प्रतिशत निर्भरता बनी हुई है। बर्नस्टीन ने चेताया है कि नकदी ट्रांसफर की योजनाओं की आई बाढ़ के कारण भारत के निम्न उत्पादकता वाला देश बने रह जाने की स्थिति बन रही है। और आखिर में बर्नस्टीन ने दो-टूक कहा है कि कोई देश अनुसंधान एवं विकास पर अपनी जीडीपी का महज 0.6- 0.7 प्रतिशत खर्च कर विकसित नहीं हो सकता। ये वो बातें हैं, जिनकी ओर देश के लिए चिंतित वर्ग अक्सर ध्यान खींचता है। मगर अब खास बात यह है कि वित्तीय पूंजीवाद की प्रमुख वैश्विक संस्थाएं भी वही बात कहने लगी हैं। यह भारत की संभावनाओं पर लगते ग्रहण का परिणाम है।



# सुशासन तिहार : जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता से करें निराकरण : विधायक ईश्वर साहू

## विधायक ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश, हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

*नई दृष्टिबिंदु / बेमेतरा*

साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू ने जनपद पंचायत साजा अंतर्गत ग्राम पंचायत घीवरी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने राशन कार्ड, पेंशन, पेयजल, बिजली, सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक श्री साहू ने प्रत्येक आवेदन का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ परीक्षण कर वास्तविक एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



इस अवसर पर विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि शासन द्वारा आम जनता के हित में अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही हैं और इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होने से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

विधायक श्री साहू ने सुशासन तिहार को आम जनता की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और प्रशासन स्वयं गांव तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का मुख्य ध्येय जनता की सेवा है। ह्यसुशासन तिहार के माध्यम से प्रशासन को जनता के द्वार तक लाया गया है, ताकि पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जा सके।

शिविर में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को विधायक श्री साहू ने निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित समाधान एवं मौके पर ही समस्याओं के निराकरण पर विशेष जोर दिया। विधायक श्री साहू ने कहा कि शिविर का उद्देश्य केवल आवेदन लेना नहीं, बल्कि समस्याओं का प्रभावी समाधान करना है। साथ ही लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना और जनता एवं प्रशासन के बीच की दूरी को कम करना भी इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।

जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान अनेक हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ भी प्रदान किया गया। पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत पंजीयन कार्ड वितरित किए गए। स्थानीय नागरिकों ने जनसमस्या निवारण शिविर की सराहना करते हुए इसे आम जनता के लिए उपयोगी एवं राहत प्रदान करने वाली पहल बताया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**खास खबर**

## त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 : ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर जिला प्रशासन के जारी किए निर्देश



*नई दृष्टिबिंदु / बेमेतरा*

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन मई 2026 के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा जिले में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण एवं लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, बेमेतरा द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर द्वारा पंचायत उप निर्वाचन मई 2026 का निर्वाचन कार्यक्रम 08 मई 2026 को जारी किए जाने के साथ ही संबंधित ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन अवधि के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा प्रचार-प्रसार हेतु लाउडस्पीकरों का व्यापक उपयोग किया जाता है, जिससे ध्वनि प्रदूषण बढ़ने के साथ आमजन की शांति एवं प्रशांति प्रभावित होती है।

जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि वाहनों एवं चुनावी सभाओं में अत्यधिक तेज आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है तथा वृद्ध, बीमार एवं कमजोर व्यक्तियों को भी गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए जिला दण्डाधिकारी प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा-4 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए आवश्यक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं।

### रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पूर्ण प्रतिबंध

जारी आदेशानुसार संबंधित जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत एवं पंचायत वार्ड की सीमाओं के अंतर्गत रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### मध्यम आवाज में ही होगा उपयोग

निर्वाचन प्रचार के लिए वाहनों एवं चुनावी सभाओं में प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जा सकेगा। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि ध्वनि विस्तारक साधारण प्रकार के होंगे तथा उन्हें मध्यम आवाज में ही चलाया जाएगा।लोक शांति एवं ध्वनि नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए लंबे चोंगे वाले हार्न माइक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अतिरिक्त वाहनों एवं चुनावी सभाओं में एक से अधिक माइक समूह लगाने की अनुमति भी नहीं होगी।

### पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य

जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि चुनावी सभाओं एवं चुनाव प्रचार के लिए वाहनों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग हेतु संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी अथवा तहसीलदार कार्यालय से पूर्व लिखित अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। जिला प्रशासन ने सभी राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों एवं आम नागरिकों से आदेश का पालन करने की अपील करते हुए कहा है कि निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करें।

**आवक, बिक्री एवं वितरण व्यवस्था पर हुई विस्तृत चर्चा**

## पेट्रोल-डीजल की अनावश्यक जमाखोरी से बचें, आवश्यकतानुसार करें उपभोग-जिला प्रशासन

*नई दृष्टिबिंदु / बेमेतरा*



जिले में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति व्यवस्था की वतर्मान स्थिति का आकलन करने तथा बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई की अध्यक्षता में जिला संयुक्त कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में पेट्रोल पंप संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की ईंधन आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने जिले में पेट्रोल एवं डीजल की आवक तथा बिक्री की वतर्मान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने पंप संचालकों से ईंधन की मांग, उपलब्धता, आपूर्ति श्रृंखला की निरंतरता एवं उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जिले के नागरिकों को पेट्रोल एवं डीजल की सहज, सुगम एवं निर्बाध आपूर्ति निरंतर प्राप्त होती रहे। कलेक्टर ने पेट्रोल एवं डीजल पंप संचालकों से सकारात्मक संवाद करते हुए उनके सुझावों एवं क्षेत्रीय अनुभवों को भी गंभीरता से सुना। उन्होंने सभी संचालकों से आग्रह किया कि उपभोक्ताओं को समय पर ईंधन उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा कालाबाजारी की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए।

उन्होंने पेट्रोल एवं डीजल पंप संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए बोतल अथवा डिब्बों में पेट्रोल एवं डीजल का वितरण न किया जाए। जिला प्रशासन द्वारा उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। बैठक में वितरण प्रणाली को लेकर भी विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिला प्रशासन द्वारा जिले वासियों से अपील की गई कि वे पेट्रोल एवं डीजल की अनावश्यक जमाखोरी से बचें तथा अपनी वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप ही इन उत्पादों का उपयोग करें। प्रशासन ने कहा कि जिम्मेदारी पूर्ण उपयोग से सभी उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से ईंधन उपलब्ध कराया जा सकेगा।

बैठक में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने पंप संचालकों से समुचित समन्वय बनाए रखने एवं उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने पर भी विशेष जोर दिया। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी, जिले के समस्त पेट्रोल पंप संचालक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देश पर अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध हुई कार्रवाई

कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) द्वारा बीते दिवस बेमेतरा क्षेत्र में निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक वाहन को जप्त किया गया। खनिज विभाग की टीम द्वारा की गई जांच में वाहन चालक आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया, जिसके फलस्वरूप नियमानुसार वाहन को जप्त कर थाना बेमेतरा की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है। साथ ही संबंधित वाहन के विरुद्ध अवैध खनिज परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रकरण में खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23-ख के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहन पर 30 हजार 500 रुपये की अर्थदण्ड राशि निर्धारित की गई है, जिसकी वसूली नियमानुसार की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज परिवहन एवं उत्खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजस्व एवं खनिज की हानि रोकने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले में अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए नियमित जांच अभियान चलाए जाएं तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाईसुनिश्चित की जाए। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि अवैध खनिज उत्खनन अथवा परिवहन की जानकारी मिलने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## सांसद अग्रवाल की बैठक, विकास कार्यों और जनकल्याण योजनाओं की समीक्षा




*नई दृष्टिबिंदु / बलौदाबाजार*

सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा), सड़क सुरक्षा समिति तथा जीवनदीप समिति की बैठक लेकर विभिन्न जनहितकारी योजनाओं और विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भीषण गर्मी को देखते हुए जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि , यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले के किसी भी क्षेत्र में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार जिले में अपेक्षाकृत पेयजल संकट कम है, लेकिन गर्मी के मौसम को देखते हुए पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने सभी शासकीय भवनों में शत-प्रतिशत रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश देते हुए जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को भी जल संरक्षण और जल संचयन के महत्व से जोड़ना आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ी प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जिम्मेदार बने। बैठक के दौरान अग्रवाल ने देश में बढ़ते डायबिटीज के मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित शुगर जांच की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुशासन तिहार के तहत आयोजित सभी जनसमस्या निवारण शिविरों में भी अनिवार्य शुगर टेस्ट की व्यवस्था करने तथा विशेष रूप से 50 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की नियमित जांच सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और जागरूकता से गंभीर बीमारियों को रोका जा सकता है।

औद्योगिक विकास पर चर्चा करते हुए अग्रवाल ने कहा कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिला सीमेंट उद्योगों के लिए देशभर में पहचान रखता है, लेकिन अब एंसीलरी उद्योगों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीमेंट उद्योगों में उपयोग होने वाले छोटे कलपुर्जों और उपकरणों के निर्माण से जुड़े उद्योग स्थापित होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बैठक में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। मंत्री टंक राम वर्मा, जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र सांसद कमलेश जांगड़े, कसडोल विधायक संदीप साहूजिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, अश्विनी शर्मा, सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएम-आशा योजनांतर्गत दलहन-तिलहन फसलों की खरीदी पर किसानों को 1.86 करोड़ रूपए का भुगतान

*नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव*



भारत सरकार की प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना अंतर्गत जिले में दलहन एवं तिलहन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। अब तक जिले में चना, मसूर, सरसों, अरहर एवं सोयाबीन फसलों का उपार्जन केन्द्रों में विक्रय किया जा चुका है। जिसमें 428 कृषकों को लगभग 1.86 करोड़ रूपए की राशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। शेष राशि के भुगतान की प्रक्रिया जारी है।

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री आशा योजना के तहत प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के 15 उपार्जन केन्द्रों तथा एक एफपीओ स्वर्ण उपज महिला किसान उत्पादक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सुकुलदैहान द्वारा दलहन-तिलहन फसलों की खरीदी की जा रही है। जिले में चना के पंजीकृत 8942 हेक्टेयर रकबे से 10717.50 क्विंटल, मसूर के 2238 हेक्टेयर रकबे से 1510 क्विंटल, सरसों के 830 हेक्टेयर रकबे से 490 क्विंटल, अरहर के 127 हेक्टेयर रकबे से 413 क्विंटल तथा सोयाबीन के 399 हेक्टेयर रकबे से 7350 क्विंटल उपज की खरीदी की जा चुकी है। राज्य सरकार द्वारा नाफेड के माध्यम से दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीदी की जा रही है। इसके लिए समर्थन मूल्य सोयाबीन हेतु 5328 रूपए प्रति क्विंटल, अरहर हेतु 8000 रूपए प्रति क्विंटल, चना हेतु 5875 रूपए प्रति क्विंटल, मसूर हेतु 7000 रूपए प्रति क्विंटल तथा सरसों हेतु 6200 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने जिन कृषकों ने अब तक अपनी दलहन-तिलहन फसलों का विक्रय नहीं किया है। वे 31 मई 2026 तक अपने निकटतम उपार्जन केन्द्र में पहुंचकर शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाएं तथा अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने की अपील की है।

## 24 हजार से अधिक कृषकों को वितरित किए गए मृदा स्वास्थ्य कार्ड

*नई दृष्टिबिंदु / बेमेतरा*

कृषि विभाग द्वारा किसानों को वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करने एवं भूमि की उर्वरता बनाए रखने के उद्देश्य से जिले में मृदा परीक्षण अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। कृषि विभाग अंतर्गत संचालित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से कृषकों से मृदा नमूने प्राप्त कर उनका वैज्ञानिक विश्लेषण किया जा रहा है। विश्लेषण उपरांत किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे उन्हें अपनी भूमि की गुणवत्ता एवं आवश्यक पोषक तत्वों की सटीक जानकारी मिल रही है।



मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों के लिए खेती का वैज्ञानिक मार्गदर्शक बनकर सामने आया है। इसके माध्यम से कृषकों को संतुलित उर्वरक उपयोग, फसलवार पोषक तत्व प्रबंधन तथा उत्पादन लागत कम करने में सहायता मिल रही है। इससे न केवल कृषि उत्पादन में वृद्धि हो रही है, बल्कि भूमि की उर्वरता एवं गुणवत्ता में भी सुधार देखा जा रहा है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले के कृषकों को अब तक कुल 8074 मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए हैं। वहीं पिछले तीन वर्षों में जिले के 24074 कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए जा चुके हैं।

### ग्राम स्तर पर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

कृषि विभाग द्वारा किसानों को मृदा परीक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार ग्राम स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 5 मई से 20 मई 2026 तक जिले के 104 ग्रामों में विकसित कृषि संकल्प अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत कृषि अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों की टीम किसानों से सीधे संपर्क कर उन्नत कृषि तकनीकों के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व एवं उपयोग की जानकारी दे रही है। अभियान के दौरान किसानों को बताया जा रहा है कि नियमित मृदा परीक्षण से भूमि में उपलब्ध पोषक तत्वों की सही जानकारी मिलती है, जिससे आवश्यकता अनुसार उर्वरकों का उपयोग किया जा सकता है। इससे अनावश्यक उर्वरक खर्च कम होने के साथ-साथ फसलों की उत्पादकता में भी सुधार होता है।

### वैज्ञानिक पद्धति अपनाने की अपील

जिले के उप संचालक कृषि मोरध्वज डडसेना ने कृषकों से अपील की है कि वे अपनी भूमि का नियमित मृदा परीक्षण कराकर वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुसार उर्वरकों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन से भूमि की उत्पादकता लंबे समय तक बनी रहती है तथा खेती अधिक लाभकारी बनती है।उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना किसानों को वैज्ञानिक खेती की दिशा में आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है और इससे टिकाऊ कृषि को बढ़ावा मिल रहा है।

### अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप : धमतरी की 200 से अधिक बेटियों के सपनों को मिली नई उड़ान

**धमतरी।** जिले की छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करने और उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन छात्राओं के लिए था, जिनका चयन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन स्कॉलरशिप के लिए हुआ है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रतिनिधि गुलशन कुमार ने बताया कि धमतरी जिले की अब तक 200 से अधिक छात्राओं को इस छात्रवृत्ति का लाभ मिल चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चयन की प्रक्रिया अभी भी निरंतर जारी है, ताकि अधिक से अधिक पात्र बालिकाओं को सहायता मिल सके। चयनित छात्राओं को प्रतिवर्ष 30,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह स्कॉलरशिप स्नातक या डिप्लोमा पाठ्यक्रम की पूरी अवधि तक प्रदान की जाती है। इस राशि का उपयोग ट्यूशन फीस, किताबें और शिक्षा से संबंधित अन्य खर्चों के लिए किया जा सकता है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग**

-:: व्यक्तिगत सूचना ::-

(रा.प्र.क्र./202604101000074/अ-6/वर्ष 2025-26)

प्रति,
1. नरेन्द्र कुमार आ. स्व. सुबेलाल
2. किसन लाल आ. स्व. सुबेलाल
3. प्रेमलाल आ. स्व. सुबेलाल
4. अजय कुमार आ. स्व. सुबेलाल
निवासी - पुरानी बस्ती कुरूद मिलाई तह. व जिला दुर्ग
पक्षकार - शंकुतला साहू पर्ति किशोर कुमार साहू
निवासी - हनुमान चौक, आर्य नगर कोहका भिलाई

विरूद्ध

अनावेदक-छ.ग. शासन

आपको सूचित किया जाता है इस न्यायालय का रा.प्र.कं. 202603101000074/1-6/वर्ष 2025 - 26 आवेदक शंकुतला साहू पति किशोर कुमार साहू निवासी पुरानी बस्ती कुरूद भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न. 67/1, 1082/2, 1105/1 रकबा 0.0660, हे. अनावेदक अजय आ. स्व. सुबेलाल के नाम पर दर्ज है। उपर वर्णित भूमि को आवेदिका 1/5 हिस्सा खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22/05/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/05/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**भिलाई नगर**



## नए टीवी एक्टर्स के पेमेंट में देरी का मुद्दा, कुनिका सदानंद ने बताई इंडस्ट्री की सच्चाई

**अभिनेत्री कुनिका सदानंद ने नए टीवी एक्टर्स के पेमेंट में हो रही देरी के मुद्दे पर खुलकर बात की है। 'बिग बॉस 19' की पूर्व कंटेस्टेंट कुनिका ने कहा कि यह समस्या कई सालों से चली आ रही है और नए कलाकारों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है।**

खास बातचीत में कुनिका सदानंद ने बताया कि टीवी इंडस्ट्री में तेजी आने के बाद से पेमेंट अक्सर 45 से 90 दिनों तक लेट हो जाता है। उन्होंने इसकी मुख्य वजह भी बताई। कुनिका ने कहा, 'चैनलों को एडवरटाइजर से पैसे देर से मिलते हैं। फिर चैनल प्रोड्यूसर को पैसे देते हैं। इस पूरे कॉर्पोरेट सिस्टम की वजह से देरी होती है। पैसा पहले एडवरटाइजर से चैनल के पास, फिर चैनल से प्रोड्यूसर के पास जाता है। इसलिए स्वाभाविक रूप से देरी हो जाती है। अभिनेत्री ने इस समस्या का एक व्यावहारिक समाधान भी सुझाया। उन्होंने कहा कि नए कलाकारों को अपनी फीस थोड़ी ज्यादा तय करनी चाहिए, लेकिन इसमें भी दिक्कत है, क्योंकि थोड़ी ज्यादा फीस मांगने पर प्रोड्यूसर दूसरे कलाकार को चुन सकते हैं। कुनिका ने आगे कहा, 'हर कलाकार की जिंदगी में एक बफर सिस्टम होना चाहिए, लेकिन यह हर समय मुमकिन नहीं होता। यह एक बहुत गंभीर समस्या है।'

उन्होंने बड़े प्रोडक्शन हाउस जैसे बालाजी की तारीफ करते हुए कहा कि उनके पास पर्याप्त रिजर्व फंड होता है, इसलिए उनसे समय पर पेमेंट की उम्मीद की जा सकती है। यह पहली बार नहीं है जब टीवी इंडस्ट्री में पेमेंट देरी का मुद्दा उठा है। इससे पहले वरुण बडोला और अर्जुन बिजलानी भी इस समस्या पर खुलकर बोल चुके हैं। कुनिका सदानंद का कहना है कि छोटे और नए कलाकारों को परेशानियों सामना करना पड़ता है। टीवी इंडस्ट्री में काम करने वाले कलाकारों के लिए समय पर भुगतान सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। कुनिका ने उम्मीद जताई कि प्रोड्यूसर्स और चैनल इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करेंगे ताकि नए कलाकारों को आर्थिक परेशानी न झेलनी पड़े।



# फिल्मी बैकग्राउंड से न आने पर करना पड़ता है संघर्ष

अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में वो शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। अभी सिर्फ फिल्म का एक गाना सामने आया है, जिसे पसंद किया जा रहा है। इस बीच कृति ने अपने ड्रीम रोल के बारे में बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि किस एक्ट्रेस की बायोपिक में वो काम करना चाहती हैं?

### मेरे कई रोल स्टारकिड्स को मिल गए

इस दौरान कृति ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने सफर और संघर्षों को लेकर भी बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें लंबे समय तक सिर्फ निराशा हाथ लगी और मनचाहे किरदार नहीं मिले। लेकिन बाद में 'मिमी' ने उनके लिए सबकुछ बदल दिया। एक्ट्रेस ने कहा कि कुछ भूमिकाएं ऐसी थीं जिनके मैं बहुत करीब पहुंच गई थी, लेकिन अंततः वे स्टार किड्स को मिल गईं, जो मेरे बस में नहीं था। जब आप फिल्मी बैकग्राउंड से नहीं आते हैं, तो आपको बहुत अनिश्चितताओं का सामना करना पड़ता है। यह चलता रहा, इस दौरान मैंने जोखिम उठाए और अधिक सोच-समझकर फैसले लिए। मैंने हर मौके को अपनी मेहनत से कमाया है। मुझे कुछ भी आसानी से नहीं मिला। एक दौर ऐसा भी था जब कुछ भी काम नहीं कर रहा था और सब कुछ उलझन भरा लग रहा था। हालांकि, मैं उस दौर के लिए आभारी हूं, क्योंकि इसने मुझे यह स्पष्ट कर दिया कि मैं क्या नहीं करना चाहती। असफलताएं आपको सफलता से कहीं अधिक सिखाती हैं।

### 19 जून को रिलीज होगी कृति की 'कॉकटेल 2'

वर्कफ्रंट की बात करें तो कृति अब 'कॉकटेल 2' में नजर आएंगी। होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित इस फिल्म में उनके साथ शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना भी प्रमुख भूमिका में दिखाई देंगे। 'कॉकटेल 2' 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

### रेखा की बायोपिक करना चाहती हैं कृति



बातचीत में जब कृति सेनन से पूछा गया कि वह किसकी बायोपिक का हिस्सा बनना चाहेंगी, तो कृति के मन में सिर्फ एक ही नाम था- रेखा। रेखा के बारे में बात करते हुए कृति ने कहा कि उन्होंने जिंदगी को अपनी शर्तों पर जीया है। इसलिए मुझे वह बेस्ट लगती हैं। मुझे पता है कि मैं उनके जैसी बिल्कुल नहीं दिखती, लेकिन मैं उनसे प्यार करती हूं। उनका दिल, उनका साहस, उनका व्यक्तित्व। वह मिलनसार, बुद्धिमान हैं।



## 'द वार्ड' से रियलिटी शो की होस्टिंग में डेब्यू करेंगी रुबीना दिलैक

**मूविंग इमेज स्टूडियोज ने अपने नए नॉन-फिक्शन शो 'द वार्ड' की घोषणा कर दी है, जिसे रुबीना दिलैक होस्ट करेंगी। यह एक रियलिटी शो है, जो मां बनने की भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सच्चाइयों को बहुत सही तरीके से दिखाएगा।**

### शो में क्या होगा खास

इस शो में 10 गर्भवती महिलाएं 10 दिनों तक एक छत के नीचे रहेंगी। इस शो को मेटरनिटी वार्ड जैसी सेटिंग में फिल्माया गया है। यह शो, मां बनने की राह पर उनकी असली भावनाओं, विचारों और रिश्तों को ईमानदारी से दिखाएगा। ये महिलाएं अलग-अलग क्षेत्रों से आई हैं। वे धीरे-धीरे अपने निजी अनुभव साझा करेंगी, एक-दूसरे से जुड़ेंगी और बातें करेंगी। इन बातों में शामिल होंगे- समाज की उम्मीदें, लड़कियों के प्रति भेदभाव, करियर की चाहत, परिवार में बदलते रिश्ते और मां बनने की चुनौतियां। रुबीना दिलैक सिर्फ होस्ट नहीं हैं, बल्कि वे सहानुभूति और समझ के साथ इन महिलाओं से जुड़ेंगी। खुद नई मां होने के नाते वे अपने अनुभव भी साझा करेंगी और सभी को सहारा देंगी। यह शो 15 मई को यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। प्रतिभागियों के पति और परिवार वाले भी इस सफर का हिस्सा बनेंगे। वे साथ रहकर सीखेंगे, समझेंगे और रिश्तों को मजबूत करेंगे। शो में 24 घंटे कैमरा, डॉक्टरों की देखभाल और गहरी कहानी सुनाई जाएगी। इससे मातृत्व के सच्चे, कच्चे और दिल को छूने वाले पलों को दिखाया जाएगा।

### शो को लेकर रुबीना दिलैक की राय

रुबीना ने अपने सोशल मीडिया पर शो का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'मां बनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा और भावनात्मक सफर रहा है। यह बहुत खूबसूरत है, लेकिन इतना मुश्किल भी कि कोई आपको पहले से तैयार नहीं कर सकता। 'द वार्ड' उन अनकही भावनाओं को दिखाता है, जिन्हें हम अंदर ही दबा लेते हैं। यह मेरा पहला रियलिटी शो है और मैं कह सकती हूं कि यह हर किसी के लिए भावनाओं का रोलरकोस्टर होगा।'

## इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू करेंगी कल्याणी प्रियदर्शन



**'लोका चैप्टर वनः चंद्रा' की सफलता से सुर्खियां बटोरने वाली अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन अब इंटरनेशनल लेवल पर अपना डेब्यू करने जा रही हैं। कल्याणी प्रियदर्शन कान फिल्म फेस्टिवल में अपना डेब्यू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह कल्याणी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में से एक में अपने डेब्यू पर अब कल्याणी ने खुशी जताई है।**

### कल्याणी प्रियदर्शन ने बताया सुखद अनुभव

कान फिल्म फेस्टिवल में अपने डेब्यू को लेकर कल्याणी ने कहा कि कान फिल्म फेस्टिवल हमेशा से सिनेमा का एक प्रतिष्ठित उत्सव रहा है, इसलिए इस साल वहां होना बहुत खास लग रहा है। 'लोका चैप्टर वनः चंद्रा' को मिले प्यार के लिए मैं आभारी हूं। मुझे लगता है कि भारतीय सिनेमा को इस समय ग्लोबली एक शानदार तरीके से पहचान मिल रही है। ऐसे में लोका के जरिए इंटरनेशनल लेवल पर पहचान बनाना और अब कान फिल्म फेस्टिवल जैसे मंच का अनुभव करना काफी अच्छा लग रहा है और एक सुखद अनुभव है।

### खुद पर दबाव नहीं डालना चाहती

कान फिल्म महोत्सव के लिए अपनी तैयारियों के बारे में बात करते हुए कल्याणी ने कहा कि मैं बस पूरे अनुभव का आनंद लेना चाहती हूं और खुद पर ज्यादा दबाव डाले बिना आसानी से आगे बढ़ना चाहती हूं।

### 23 मई तक होगा कान फिल्म फेस्टिवल का आयोजन

79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 का आयोजन 12 मई से 23 मई तक किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित वार्षिक समारोह हर साल की तरह फ्रांस के फ्रेंच रिवेरा के कान शहर के 'पैलेस डेस फेस्टिवल्स' में किया जाएगा। कान फिल्म फेस्टिवल में हर साल कई भारतीय सेलेब्स अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हैं। अब इसी लिस्ट में कल्याणी प्रियदर्शन का भी नाम शामिल होने जा रहा है।



# 'खतरों के खिलाड़ी 15' से पहले बोले ऋत्विक धनजानी

**टीवी पर हमेशा हंसते, दूसरों को सहज महसूस कराते और हर मुश्किल पल को मजाक में बदल देने वाले ऋत्विक धनजानी इस बार खुद डर के बीच फंसे नजर आएंगे। दरअसल, ऋत्विक 'खतरों के खिलाड़ी 15' में बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेने जा रहे हैं। लेकिन दिलचस्प बात ये है कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' में जाने से पहले ऋत्विक किसी माचो इमेज में फिट होने की कोशिश नहीं कर रहे। हाल ही में खास बातचीत में उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर मैं डरूंगा, तो वो दिखेगा भी। ऋत्विक ने अपने गेम प्लान, डर, स्टंट और मेडिटेशन के बारे में खुलकर बात की।**

### मैं बस रियल रहना चाहता हूं

'खतरों के खिलाड़ी 15' में जाने से पहले बातचीत में ऋत्विक ने स्वीकार किया कि उन्हें आज भी ऊंचाई से डर लगता है। उन्होंने कहा, 'हाइट्स हमेशा से मेरे लिए थोड़ा ट्रिगर रही हैं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो कैमरे के सामने ये दिखाएं कि मुझे किसी चीज से फर्क नहीं पड़ता। अगर डर है तो है। मैं उसे छिपाने वाला नहीं। मुझे लगता है लोग आज बहुत जल्दी नकली चीज पकड़ लेते हैं। इसलिए मैं यहां कोई सुपरहीरो बनने नहीं आया हूं। मैं बस रियल रहना चाहता हूं। अगर किसी स्टंट में मेरी हालत खराब होगी, तो होगी। अगर मैं पैनिक करूंगा, तो वो भी दिखेगा।'

### इस बार लोग मेरा थोड़ा अलग साइड देखेंगे

जब उनसे पूछा गया कि क्या वो इस शो के जरिए अपनी कोई इमेज बदलना या तोड़ना चाहते हैं? इस पर एक्टर ने कहा, 'मैं कोई इमेज नहीं तोड़ना चाहता, क्योंकि सच कहूं तो मैंने कभी खुद को किसी इमेज में बांधा ही नहीं। लेकिन हां, लोग मुझे हमेशा हंसते हुए देखते हैं, मजाक करते हुए देखते हैं। इस बार शायद वो मेरा वो साइड भी देखेंगे जो चुप हो जाता है, डरता है और जो खुद से लड़ता है।' शो में खुद को संभालने के लिए ऋत्विक किसी मोटिवेशनल स्पीच पर नहीं, बल्कि मेडिटेशन पर भरोसा कर रहे हैं। क्योंकि उनका मानना है कि स्टंट से ज्यादा लड़ाई आपके दिमाग के अंदर चल रही होती है।

### इस बार सेट पर ड्रामा मस्ती ज्यादा होगी

बाकी कंटेस्टेंट्स की बात आते ही ऋत्विक ने फनी अंदाज में कहा कि हर्ष (गुजराल) तो पहले से दोस्त है और मुझे पता है कि हम दोनों मिलकर बहुत पागलपन करने वाले हैं। जैस्मिन (भसीन) के साथ भी बहुत मजा आएगा। सेट पर ड्रामा कम और मस्ती ज्यादा होने वाली है। जब उनसे पूछा गया कि ज्यादा चोट किस चीज से लगेगी, स्टंट हारने से या सबके सामने डर जाने से, तो उन्होंने कहा कि ईगो दोनों में हर्ट हो सकता है। लेकिन शायद ज्यादा तब, जब आप खुद को निराश कर दो। बाकी लोग क्या सोचते हैं, वो उतना जरूरी नहीं होता।



# संभागायुक्त-कलेक्टर ने छुरिया स्वास्थ्य केंद्र व जनपद पंचायत का किया निरीक्षण

## साफ-सफाई पर जताई नाराजगी, जर्जर भवन तोड़ने और निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के दिए निर्देश

नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने गुरुवार को छुरिया विकासखंड का दौरा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्र और जनपद पंचायत कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई और कई निर्देश दिए गए।

### स्वास्थ्य केंद्र की सफाई व्यवस्था पर नाराजगी

संभागायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया के महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, नवजीवन कक्ष और प्रसूति कक्ष का जायजा लिया। परिसर में साफ-सफाई संतोषजनक नहीं मिलने पर नाराजगी जताई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। परिसर स्थित जर्जर आवासीय भवन को डिस्मेंटल करने को कहा, ताकि परिसर का विस्तार कर बेहतर सुविधाएं विकसित की जा सकें।



### निर्माणाधीन केंद्र का काम जल्द पूरा करने को कहा

निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर बाउंड्रीवाल, ड्रेनेज सिस्टम और ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए। शेष कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा। संभागायुक्त ने कहा कि नए भवन में शिफ्ट होने से स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ेंगी और अधिक लोगों को लाभ मिलेगा।

### 10,300 पीएम आवास पूर्ण, शेष जल्द बनाने के निर्देश

जनपद पंचायत कार्यालय के निरीक्षण में निर्माण कार्यों की जानकारी ली गई। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा में बताया गया कि क्षेत्र में अब तक करीब 10,300 आवास पूर्ण हो चुके हैं। शेष आवास जल्द पूरे करने, जियोटैग समय पर करने और ऑनलाइन प्रविष्टियां अपडेट रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों से फील्ड विजिट कर निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने कहा।

### ई-ऑफिस पर दिया जोर

संभागायुक्त ने जनपद पंचायत में ई-ऑफिस प्रणाली की जानकारी ली। कहा कि तकनीक का अधिक उपयोग कर पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ाएं, ताकि लोगों को त्वरित सेवाएं मिलें।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय, सीएमएचओ डॉ. एनआर नवरतन, एसडीएम श्रीकांत कोर्राम, जनपद सीईओ होरीलाल साहू समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

---

**खास खबर**

### नेशनल हाईवे 30 पर चक्काजाम में गृहमंत्री विजय शर्मा का काफिला कवर्धा के पास फंसा

नई दृष्टिबिंदु / कवर्धा

जिले के पोंडी में संचालित शराब भट्ठी को हटाने की मांग को लेकर शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं और स्कूली छात्रों ने रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे 30 पर चक्काजाम कर दिया। लंबे समय से शराब भट्ठी के स्थानांतरण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किए जा रहे थे, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से नाराज प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर उतरकर उग्र प्रदर्शन किया। धरने और चक्काजाम का असर इतना व्यापक रहा कि प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा का काफिला भी इस मार्ग से आगे नहीं बढ़ सका।

मौके पर प्रशासन और पुलिस की टीम पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाने में जुटी रही। धरना-प्रदर्शन के चलते NH-30 के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। यात्री बसें और अन्य वाहन भी घंटों जाम में फंसे रहे, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शराब भट्ठी के कारण आसपास का माहौल खराब हो रहा है और स्कूली छात्रों पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है।

### जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 20 मई को आमाटोला में, 800 से अधिक पदों पर होगी भर्ती

**मोहला।** संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ अटल नगर नवा रायपुर के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अनुमोदन उपरांत जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र (मॉडल कैरियर सेंटर) राजनांदगांव द्वारा जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 20 मई 2026 दिन बुधवार को किया जाएगा। रोजगार मेला प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला आमाटोला, तहसील अंबागढ़ चौकी परिसर में आयोजित होगा।

रोजगार मेले में विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा केयर टेकर, स्मार्ट मीटर टेक्निशियन, सिक्यूरिटी गार्ड, सिक्यूरिटी सुपरवाइजर, हाउस कीपिंग स्टाफ, इंश्योरेंस एडवाइजर, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, फिटर, एचआर एग्जीक्यूटिव, नर्सिंग असिस्टेंट तथा बेबी सीटर सहित 800 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता पांचवीं से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट तक निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 9 हजार रुपये से 25 हजार रुपये तक मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा।

रोजगार मेले में स्टार आदर्श होम हेल्थ केयर सर्विस, परिश्रम ह्यूमन रिसोर्स, कायरो सिक्यूरिटी हेल्थ एंड कम्पोजिट सर्विस लिमिटेड, पीएसआर लाइफ सॉल्यूशन, एबीस फूड एंड प्रोटीन्स प्रा.लि., आईबी ग्रुप कॉर्पोरेशन तथा अशरव फाउंडेशन/अशरव सिक्यूरिटी एंड एचआर सर्विस प्रा.लि. सहित विभिन्न नियोजक संस्थाएं भाग लेंगी। नियुक्ति के लिए कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न स्थान निर्धारित किए गए हैं। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा बताया गया है कि रोजगार मेले में शामिल होने के लिए आवेदकों को ई-रोजगार पोर्टल https://erojgar.cg.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की प्रतियां, आधार कार्ड तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित होना होगा।

### जर्जर पुलिया के स्थान पर बनेगा नया उच्चस्तरीय पुल, 269.94 लाख रुपए की मिली प्रशासनिक स्वीकृति

निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत उक्त स्थल पर प्रारंभ कराया जाएगा उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य

**मोहला।** जिले के जक्के से घोड़ागांव मार्ग स्थित नाला पर वर्षों पुरानी एवं क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर अब नया उच्चस्तरीय पुल बनाया जाएगा। लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उपसंभाग राजनांदगांव द्वारा इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि पुल निर्माण हेतु शासन स्तर पर आवश्यक स्वीकृतियां प्रदान कर दी गई हैं।

लोक निर्माण विभाग के अनुसार उक्त पुल का निर्माण लगभग दस वर्ष पूर्व वन विभाग द्वारा कराया गया था, जो समय के साथ क्षतिग्रस्त हो गया था। हाल ही में पुलिया से संबंधित दुर्घटना एवं समाचार प्रकाशन के बाद विभाग ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि नए पुल निर्माण का प्रस्ताव पूर्व में ही शासन को भेजा जा चुका था।

विभागीय जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 के बजट में इस कार्य को शामिल किया गया है। शासन द्वारा 29 सितंबर 2025 को 269.94 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके पश्चात मुख्य अभियंता द्वारा 269 लाख रुपए की तकनीकी स्वीकृति भी जारी की जा चुकी है। लोक निर्माण विभाग ने बताया कि वर्तमान में निविदा प्रक्रिया प्रचलन में है। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत उक्त स्थल पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

---

# ग्रीष्म में भी गुलजार है पेण्ड्री की शासकीय उद्यान रोपणी, फूलों-फलों से लदे पेड़ बढ़ा रहे रौनक

## जापानी पद्धति से तैयार हो रहा मिर्च का थरहा, किसानों को मिल रहे रोगरहित पौधे

नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव

पेण्ड्री स्थित शासकीय उद्यान रोपणी इन दिनों ग्रीष्म ऋतु में भी खूबसूरत फूलों से गुलजार है। आम्रपाली, लंगड़ा, दशहरी, चौसा, बाम्बेग्रीन जैसी विभिन्न किस्मों के आम के पेड़ फलों से लदे हुए हैं। विभिन्न प्रजाति के पौधों का संग्रहण यहां आने वालों के मन को उल्लास से भर देता है।



### जापानी पद्धति से तैयार हो रहा थरहा

किसानों के लिए रोपणी में प्लग टाइप वेजीटेबल सीडलिंग प्रोडक्शन यूनिट में जापानी पद्धति से थरहा तैयार किया जा रहा है। इसमें नमी, तापमान और प्रकाश की संतुलित मात्रा से बीज से अंकुरित पौधे बनाए जाते हैं। वर्तमान में यहां योगी नामधारी मिर्च की प्रजाति का थरहा लगाया गया है। किसान स्वयं बीज देकर यहां थरहा तैयार करवा रहे हैं। डीएमएफ की राशि से सीडलिंग यूनिट का जीर्णोद्धार किया गया है, जिसके बाद किसानों के लिए फिर से पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### फूल-फलों की सभी किस्में उपलब्ध

शासकीय उद्यान रोपणी पेण्ड्री एक समृद्ध नसरी है। यहां कलमी पौधे, ग्रुटी पौधे, शंकर पपीता, शंकर मुनगा और बिजू पौधे बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इसके अलावा आम, अमरूद, संतरा, आंवला, लीची, अनार, पपीता, नारियल, अशोक, गंधराज, चंपा, गुलमोहर, हरसिंगार, बाटल ब्रश, चीकू, सिल्वर ओक, एक्जोरा, यूफोर्बिया, रातरानी, कदम, पीपल, बोगनविलिया, गुलाब, मनीप्लांट, अलमेंडा, रजनीगंधा, जरबेरा, कनेर सहित कई प्रजातियों के पौधे मिल रहे हैं।

### ऑटोमेटिक यूनिट के फायदे

ऑटोमेटिक सीडलिंग प्रोडक्शन यूनिट में नारियल बुरादा, परलाइट और वर्मीकुलाइट का उपयोग होता है, मिट्टी नहीं। बीज का विकास स्वींग मेथड से होता है। इस यूनिट में टमाटर, बैंगन, पत्ता गोभी, फूल गोभी, खीरा, करेला, कद्दू, लौकी जैसी फसलों की नर्सरी तैयार की जाती है।

प्रतिकूल मौसम में भी नर्सरी तैयार हो जाती है। नियंत्रित वातावरण में बीज का अंकुरण होता है और अधिकतम पौधे तैयार होते हैं। प्रति एकड़ बीज भी कम लगता है। तैयार पौधे स्वस्थ, एक समान और रोगरहित होते हैं। सही समय पर नर्सरी मिल जाती है। जड़ों का विकास बेहतर होने से खेत में रोपाई के बाद पौधों की जीवित रहने की दर अधिक रहती है। फलन भी कम समय में शुरू हो जाता है और सभी पौधों की वृद्धि एक जैसी होती है।





---

# सौर ऊर्जा से जगमगाया भोथीपार खुर्द, 22 घरों में लगे सोलर पैनल



### कलेक्टर सूर्यसभा में हुए शामिल, पीएम सूर्य घर योजना को मिल रही बड़ी सफलता

नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत राजनांदगांव विकासखंड का ग्राम भोथीपारखुर्द सौर ऊर्जा से रोशन हो गया है। गांव के 22 घरों में सौर पैनल स्थापना का कार्य पूरा कर कनेक्शन चालू कर दिए गए हैं। गांव में बड़ी संख्या में सोलर कनेक्शन लगने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

### कलेक्टर ने बांटे प्रमाण पत्र

गुरुवार को कलेक्टर जितेन्द्र यादव ग्राम भोथीपारखुर्द में आयोजित सूर्यसभा में शामिल हुए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह भी मौजूद रहीं। कलेक्टर ने ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए योजना में सक्रिय भागीदारी करने वाले दो लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### 21 घरों में काम जारी, 10 नए आवेदन

ग्राम में 21 घरों में सौर पैनल कनेक्शन का कार्य प्रगति पर है। लगभग 10 नए आवेदन वेंडर चयन के लिए प्रक्रियाधीन हैं। विद्युत विभाग योजना के क्रियान्वयन के लिए लगातार काम कर रहा है।

### सब्सिडी पर लग रहे पैनल

कलेक्टर ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है। इसके तहत घरों की छत पर सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं, जिससे बिजली बिल मुफ्त या बहुत कम हो जाएगा। पैनल लगाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार सब्सिडी दे रही है।

जिला प्रशासन की सतत मॉनिटरिंग और फील्ड स्तर के प्रयासों से यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले रहा है। प्रशासन ने नागरिकों से अपने घरों में सोलर पैनल लगवाकर स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा अपनाने की अपील की है।

कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीसीएल कौशलेन्द्र पाण्डेय, जनपद सीईओ मनीष साहू और बड़ी

---

# नियम तोड़कर खाद का भंडारण, 2253 बोरी अवैध उर्वरक जब्त, गोदाम सील

## माँ शीतला कृषि केन्द्र को नोटिस जारी, कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर हुई कार्रवाई

नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव

खरीफ 2026 में किसानों को उर्वरक वितरण में पारदर्शिता और कालाबाजारी रोकने के लिए कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर कृषि और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बेलगांव स्थित मेसर्स माँ शीतला कृषि केन्द्र के परिसर और ग्राम माड़ीतराई स्थित गोदाम के औचक निरीक्षण में 2253 बोरी अवैध रासायनिक उर्वरक का भंडारण पकड़ा गया। टीम ने गोदाम सील कर खाद जब्त कर ली है।



### गोदाम में मिला 2253 बोरी अवैध स्टॉक

निरीक्षण के दौरान गोदाम में किसान सुपर पाउडर 300 बोरी, एनएफएल यूरिया 290 बोरी, एनपीके 20:20:10 580 बोरी, एमओपी आईपीएल 273 बोरी, एनपीके 28:28:0 18 बोरी, डीएपी आईपीएल 52 बोरी, यूरिया एचयूआरएल 65 बोरी तथा किसान सुपर दानेदार 675 बोरी, कुल 2253 बोरी अवैध उर्वरक भंडारित मिला।

### उर्वरक नियंत्रण आदेश का किया है उलंघन

टीम ने इसे उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खंड-7 का उल्लंघन पाया। भंडारित उर्वरकों की जप्ती और सुपुर्दगी की कार्रवाई करते हुए गोदाम सील कर दिया गया। मेसर्स माँ शीतला कृषि केन्द्र को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आवश्यक दस्तावेज और साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान उर्वरक निरीक्षक, सहायक संचालक कृषि संध्या कोचरे, सहायक संचालक कृषि डॉ. बीरेन्द्र अंनत, कृषि विकास अधिकारी डोंगरगढ़ पीके नाग, राजस्व निरीक्षक शिवेन्द्र मिश्रा और क्षेत्रीय पटवारी प्रकाश चंद्राकर मौजूद रहे।

---

# NEET और छत्तीसगढ़ PAT परीक्षा एक ही दिन कांग्रेस ने कहा- बच्चों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़

## प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने तिथि बदलने की मांग की, बोले- डबल इंजन सरकार में सामंजस्य का अभाव

नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव

NEET और छत्तीसगढ़ PAT की परीक्षा एक ही दिन 21 जून को होने पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि दोनों परीक्षाओं की तिथि एक होने से बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। उन्होंने राज्य सरकार से PAT की तिथि बदलने की मांग की है।

### डबल इंजन में तालमेल नहीं

रूपेश दुबे ने कहा कि NEET और PAT की तिथि एक होना साबित करता है कि डबल इंजन सरकार में सामंजस्य का अभाव है। साइंस के कई छात्र दोनों परीक्षाओं के लिए फॉर्म भर चुके हैं। एक ही दिन दोनों परीक्षा होने और सेंटर अलग-अलग होने से बच्चे दुविधा में हैं।



### पेपर लीक का भी उठाया मुद्दा

दुबे ने कहा कि भाजपा सरकारों में शिक्षा और परीक्षा की दुर्गति हो रही है। NEET पेपर लीक मामले और छत्तीसगढ़ में 12वीं के पेपर लीक से बच्चे मानसिक रूप से प्रताड़ित हुए हैं। पालक भी परेशान हैं। अब NEET निरस्त होने के बाद 21 जून को फिर से परीक्षा रखी गई है, जबकि उसी दिन PAT भी है।

### PAT की नई तिथि घोषित करे सरकार

प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि अगर सरकार में नैतिकता है और बच्चों की चिंता है तो 21 जून की PAT परीक्षा निरस्त कर नई तिथि घोषित करे। इससे बच्चे तन-मन से भविष्य संवार सकेंगे। उन्होंने कहा कि शिविरों में आधार, आयुष्मान कार्ड जैसे काम हो रहे हैं, वैसे ही शिक्षा को भी गंभीरता से लेना चाहिए। रूपेश दुबे ने पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णु देव साय से बच्चों के हित में फैसला लेने की अपील की है।

---

# बिहान से बदली शगुन की जिंदगी, गुपचुप स्टॉल से कमा रहीं 15 हजार महीना

नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव

छुरिया विकासखंड के ग्राम साल्हे में सुशासन तिहार के तहत लगे जनसमस्या निवारण शिविर में श्रीमती शगुन साहू के लिए दिन खास रहा। बिहान योजना से जुड़ीं शगुन ने शिविर में गुपचुप का स्टॉल लगाया। स्वसहायता समूह से मिली मदद ने उनकी जिंदगी बदल दी।



**50 हजार के कर्ज से शुरू किया कारोबार :** माँ पद्मा महिला स्वसहायता समूह से जुड़ी शगुन ने समूह से 50 हजार रुपये का कर्ज लेकर मुंगोड़ी और चाट की दुकान शुरू की। कारोबार शुरू होने के बाद तरक्की के रास्ते खुल गए। अब उन्हें हर महीने 15 हजार रुपये से ज्यादा की आमदनी हो रही है।

**कमाई से खरीदी जमीन और मोटर साइकिल :** शगुन ने बताया कि कमाई से उन्होंने 50 डिसमिल जमीन और मोटर साइकिल खरीदी है। अब वे आर्थिक रूप से संपन्न हैं। शादी के बाद घर की हालत ठीक नहीं थी, लेकिन समूह से जुड़ने के बाद आत्मविश्वास बढ़ा और आजीविका से जुड़ने का फायदा मिला।

**घर की चारदीवारी से बाहर निकलीं महिलाएं :** शगुन ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से ग्रामीण महिलाओं को घर से बाहर निकलकर काम करने का मौका मिल रहा है। इससे महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं और मनोबल बढ़ा है। वे आगे अपना व्यवसाय और बढ़ाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार शिविर से लोगों को बहुत फायदा मिल रहा है। यहां आधार, श्रमिक, आयुष्मान और राशन कार्ड बन रहे हैं और योजनाओं का लाभ मिल रहा है। बिहान से मदद के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया।

# चेकिंग के दौरान आरक्षक को कुचलने का प्रयास, दो आरोपी गिरफ्तार

## तेज रफ्तार कार से बचकर भाग रहे थे, सिरसा गेट पर पीछा कर दबोचा ; हत्या के प्रयास पर अपराध दर्ज

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग-कुम्हारी*

कुम्हारी टोल प्लाजा के पास वाहन चेकिंग के दौरान तेज रफ्तार कार चालक ने ड्यूटी पर तैनात आरक्षक को कुचलने का प्रयास किया। सतकर्ता से आरक्षक ने जान बचाई। यातायात पुलिस ने पीछा कर सिरसा गेट के पास कार समेत नागपुर के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।




### ब्लैक फिल्म लगी कार को रोका तो चढ़ाने की कोशिश

15 मई को यातायात पुलिस कुम्हारी टोल प्लाजा पर चेकिंग कर रही थी। दोपहर करीब 12:40 बजे रायपुर की ओर से दुर्ग की तरफ आ रही कार क्रमांक MH 02 AY 3475 को आरक्षक रमेश चंद्राकर ने रुकने का इशारा किया। कार में ब्लैक फिल्म लगी थी। चालक ने गाड़ी रोकने के बजाय रफ्तार बढ़ा दी और आरक्षक पर चढ़ाने का प्रयास किया। बचने के दौरान आरक्षक के दाहिने हाथ की उंगली में चोट आई और वह वाहन के सामने गिर गया। आरोपी ने सिर के ऊपर से भी वाहन चढ़ाने की कोशिश की, लेकिन आरक्षक पीछे हटकर बच गया।

### सिरसा गेट पर घेराबंदी कर पकड़ा

घटना के बाद चेकिंग में लगे अन्य स्टाफ ने यातायात पुलिस वाहन से कार का पीछा किया। सिरसा गेट के पास कार को रोककर दो युवकों और दो युवतियों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने नाम रमजान, निवासी न्यू नेहरू नगर, नागपुर और जाकिर मोहम्मद, निवासी बड़ा ताजबाग, सक्करदारा, नागपुर बताया।

### हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में केस

थाना कुम्हारी में अपराध क्रमांक 144/2026 धारा 109(1), 221, 3(5) बीएनएस एवं धारा 184, 100 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार जब्त कर ली गई है। कार में मौजूद युवतियों के परिजनों को सूचना देकर बयान लिए जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार वाहन चेकिंग से बचने के लिए आरोपियों ने लापरवाही और जानलेवा तरीके से गाड़ी चलाई। कार्रवाई में सउनि सुशील पाण्डेय, आरक्षक रमेश चंद्राकर व यातायात स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

दुर्ग पुलिस ने अपील की है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें और चेकिंग में सहयोग करें। शासकीय कार्य में बाधा डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ऑपरेशन बाज: पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक को दबोचा, 40 पाव शराब जब्त



**मुंगेली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन बाज के तहत फास्टरपुर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 33 पाव देशी प्लेन और 7 पाव मसाला शराब, कुल 7 .2 बल्क लीटर, जब्त की गई है। **घर के बाहर कर रहा था बिक्री :** 14 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बीजाताराई निवासी धनकुमार उर्फ धनराम बर्मन अपने घर के बाहर अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर साइबर सेल और थाना फास्टरपुर पुलिस की टीम तत्काल बीजाताराई पहुंची। घेराबंदी कर संदेही धनकुमार को पकड़ा गया। **बोरी से मिली 40 पाव शराब :** तलाशी में आरोपी के पास से एक पुरानी सफेद बोरी के अंदर रखी 33 पाव देशी प्लेन और 7 पाव मसाला शराब, कुल 40 पाव, बरामद हुई। जब्त शराब की कीमत लगभग 3340 रुपये है। मौके से बिक्री के 700 रुपये भी जब्त किए गए। **आबकारी एक्ट में केस दर्ज :** आरोपी धनकुमार उर्फ धनाराम बर्मन, 43 वर्ष, पिता धनीराम, निवासी बीजातराई, थाना फास्टरपुर-सेतगंगा के खिलाफ थाना फास्टरपुर में अपराध क्रमांक 49/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। आरोपी को 15 मई को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक सतेन्द्रपुरी गोस्वामी, प्रभारी साइबर सेल, उपनिरीक्षक लक्ष्मण खुंटे, प्रभारी थाना फास्टरपुर-सेतगंगा एवं साइबर सेल, थाना फास्टरपुर स्टॉफ की अहम भूमिका रही।

# दुर्ग पुलिस ने 65 लाख की 15 हजार लीटर जब्त शराब का किया नष्टीकरण



*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

दुर्ग पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 10 वर्षों से विभिन्न थानों के मालखाने में जमा लगभग 15,119 लीटर जब्त शराब का नष्टीकरण कर दिया। नष्ट की गई शराब की अनुमानित कीमत 65 लाख रुपये है। न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद गठित समिति की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई।

### थानों में फैल रही थी दुर्गंध

जिला दुर्ग के विभिन्न थानों और चौकियों में आबकारी एवं अन्य प्रकरणों में वर्षों से जब्त शराब रखी थी। लंबे समय से शराब रखे होने के कारण थाना परिसरों में अत्यधिक दुर्गंध फैल रही थी, जिससे पुलिस कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा था। थाने आने वाले आम लोगों को भी असुविधा हो रही थी। जगह की कमी के कारण कामकाज भी प्रभावित हो रहा था।

### 480 प्रकरणों की शराब नष्ट

न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद कुल 480 प्रकरणों में जब्त 15,119.976 बल्क लीटर शराब का विधिसम्मत नष्टीकरण किया गया। नष्टीकरण की कार्रवाई गठित समिति, न्यायालयीन शाखा, आबकारी विभाग और संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी की गई।

### थानों में मिलेगी अतिरिक्त जगह

नष्टीकरण के बाद थाना परिसरों में जगह की समस्या दूर होगी और कमर्चारियों के बैठने के लिए अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध हो सकेंगे। दुर्ग पुलिस ने कहा कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने आम लोगों से अवैध शराब और अन्य अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल देने की अपील की है।

# पुरानी भिलाई में एक्टिवा चोरी का आरोपी गिरफ्तार, स्कूटी बरामद

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

पुरानी भिलाई पुलिस ने विश्व बैंक कॉलोनी से एक्टिवा स्कूटी चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई स्कूटी क्रमांक CG-07-CM-2885 बरामद की गई है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



विश्व बैंक कॉलोनी से हुई थी चोरी, सिरसा गेट पर घेराबंदी कर

### दुर्गा मंच के पास से हुई थी चोरी

प्रार्थी रूद्राक्ष सिंह राजपूत, 20 वर्ष, निवासी विश्व बैंक कॉलोनी, घासीदास नगर वार्ड-07 ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 अप्रैल 2026 की रात वह भिलाई-3 श्याम नगर में मित्र के विवाह कार्यक्रम से लौट रहा था। रात करीब 12:30 बजे विश्व बैंक कॉलोनी स्थित दुर्गा मंच के पास वह बाथरूम करने रुका और अपनी एक्टिवा वहीं खड़ी कर दी। इसी दौरान आरोपी स्कूटी चोरी कर ले गया।

### मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया

रिपोर्ट पर थाना पुरानी भिलाई में अपराध क्रमांक 204/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। मुखबिर से सूचना मिलने पर 15 मई को पुलिस ने सिरसा गेट क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी संजय महिपाल, 33 वर्ष, निवासी घासीदास नगर, विश्व बैंक कॉलोनी को पकड़ा।

### झाड़ियों में छिपाई थी स्कूटी

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने चोरी की एक्टिवा को नूतन चौक मुक्तिधाम के पीछे झाड़ियों में छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वाहन बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने आर्थिक लाभ के लिए चोरी की थी।

### पुलिस की अपील

दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान पर लॉक कर खड़ा करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। वाहन चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# उधारी वसूलने के लिए किया अपहरण, पुलिस ने मिनटों में छुड़ाया ; 6 गिरफ्तार

## ओडिशा ले जा रहे थे युवक को, नाकेबंदी कर कार समेत दबोचे गए सभी आरोपी

*नई दृष्टिबिंदु / महासमुंद*

जिले की सरायपाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अंतरराज्यीय अपहरण कांड का खुलासा किया है। उधारी की रकम वसूलने के लिए युवक का अपहरण कर ओडिशा ले जा रहे छह आरोपियों को पुलिस ने नाकेबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। अपहृत युवक को सुरक्षित मुक्त करा लिया गया है। घटना में प्रयुक्त कार ओडी-17, एजी-7735 को भी जब्त किया गया है।




### हुंडई शोरूम के पास से किया था अपहरण

14 मई को सरायपाली पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग कार में एक व्यक्ति का हुंडई शोरूम के पास से अपहरण कर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत चारों ओर नाकेबंदी की। मुखबिर के बताए अनुसार कार आते ही उसे रोककर पूछताछ की गई।

### 3.5 लाख के लेन-देन का मामला

कार में सवार लोगों ने अपने नाम देबार्चन मलिक, राजेश मलिक निवासी दवारी, थाना आमाभौना, जिला बरगढ़ उड़ीसा, रंजन प्रधान निवासी लुकापारा, सारंगढ़, भागीरथी बेहरा, बंशीधर बंछोर निवासी भुक्ता, थाना आमाभौना, कुनु बाघ निवासी इच्छापुर, थाना आमाभौना बताए।

अपहृत प्रार्थी निरंजन दास, 32 वर्ष, निवासी चट्टीगिरोला, थाना सरायपाली ने बताया कि उसने देबार्चन मलिक से 3.5 लाख रुपये उधार लिए थे। 50 हजार रुपये लौटा दिए थे। बकाया रकम के लिए आरोपी अपने पांच साथियों के साथ उसे जबरदस्ती कार में बैठाकर मोबाइल छीनकर बंद कर ओडिशा ले जा रहे थे। आरोपियों ने धमकी दी थी कि आज के बाद तेरा किसी को पता नहीं चलेगा, मर्डर कर देंगे।

### त्वरित कार्रवाई से बची जान

सरायपाली पुलिस की सजगता और सटीक नाकेबंदी से आरोपियों को पकड़कर प्रार्थी को मुक्त करा लिया गया। थाना सरायपाली में अपराध क्रमांक 168/2026 धारा 296, 351(2), 140(3), 3(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। जब्त सामग्री में घटना में प्रयुक्त कार क्रमांक ओडी-17, एजी-7735।

# धारदार हथियार से धमकाने वाला गिरफ्तार, वाद-विवाद करने वाले 3 असामाजिक तत्व भी पकड़ाए

## सोमनी पुलिस की कार्रवाई : आर्म्स एक्ट में केस दर्ज, सभी को न्यायालय में पेश किया

*नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव*

थाना सोमनी पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत दो अलग-अलग कार्रवाई में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को धारदार हथियार से लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पकड़ा गया, जबकि तीन लोगों को बाजार चौक में वाद-विवाद करने पर गिरफ्तार किया गया।




### देवादा में चाकू लेकर धमका रहा था आरोपी

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव के नेतृत्व में पुलिस ने ग्राम देवादा में कार्रवाई की। आरोपी दानी राम निर्मलकर, 32 वर्ष, निवासी देवादा को लोहे के चाकूनुमा हथियार के साथ पकड़ा गया। आरोपी आम लोगों को डरा-धमका रहा था। उसके कब्जे से हथियार जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

### सोमनी बाजार चौक में कर रहे थे वाद-विवाद

दूसरी कार्रवाई में ग्राम सोमनी बाजार चौक में वाद-विवाद कर रहे तीन असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में 1. गजेन्द्र निषाद, 27 वर्ष, निवासी खपरीकला बजरंग चौक, ओपी अंजोरा, थाना पुलगांव जिला दुर्ग, 2. आशिष यादव, 24 वर्ष, निवासी खपरीकला बजरंग चौक, ओपी अंजोरा, थाना पुलगांव जिला दुर्ग, 3. खोमू साहू, 26 वर्ष, निवासी मान चौक अंजोरा, थाना सोमनी शामिल हैं।

सभी को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए नशे व अपराध के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### महिला और पुरुषों ने शराब दुकान में मचाया उत्पात, 2 घायल

**बलौदाबाजार।** लवन थाना क्षेत्र के लाहोद स्थित शासकीय कंपोजिट शराब दुकान में शुक्रवार शाम जमकर हंगामा, मारपीट और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, शाम करीब 3 बजे करीब दर्जनभर युवक और 5 महिलाएं डंडा लेकर शराब भट्टी पहुंचे और वहां के कमर्चारियों से विवाद शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि, कुछ युवक नशे की हालत में थे और उन्होंने भट्टी कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर कर्मचारियों के साथ हाथापाई और मारपीट की गई, जिसमें भट्टी के 2 कमर्चारी घायल हो गए। कमर्चारियों द्वारा समझाने की कोशिश के बावजूद स्थिति बिगड़ती चली गई। हंगामे के दौरान कुछ लोग शराब दुकान के अंदर और काउंटर तक पहुंच गए तथा वहां रखी शराब की बोतलों में तोड़फोड़ कर दी, जिससे परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस मामले में दोनों पक्षों ने लवन थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसकी जांच लवन थाना पुलिस कर रही है। पुलिस ने शासकीय दुकान में तोड़फोड़, कर्मचारियों से मारपीट और गाली-गलौज सहित आधा दर्जन धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरू कर दी है। जांच के बाद ही पूरे घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।










"यह समाचार पत्र आलोक तिवारी द्वारा 80/बी, मैत्री विहार, राधिका नगर, सुपेला, भिलाई, जिला दुर्ग, (छत्तीसगढ़)-490023 से आलोक तिवारी की ओर से प्रकाशित की जाती है, जिसका संपादन आलोक तिवारी द्वारा किया जाता है तथा इसका मुद्रण समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स द्वारा प्लॉट नं. 339/6, गली नं. 02, पाटन, थाना उतई, दुर्ग, (छ.ग.)-491111 पर किया जाता है। (समाचार चयन के लिए PRP Act, 2023 के तहत संपादक जिम्मेदार है)। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र दुर्ग होगा।" संपादक आलोक तिवारी, मो. 74154-69100